दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com

दिल्ली, गुरुवार 2 जनवरी 2025

वर्ष- 2 | अंक-325 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

**विचार**

"जहां खाली हो गया हो कुछ, वहां दो नए को तुम जगह"

- प्रयाग शुक्ल



पेज 4

## न्यूज. ब्रीफ

### नए साल का जश्न मनाने में नियम तोड़ने वालों को पुलिस ने दिया ऑफर

**पटना।** बिहार की ट्रैफिक पुलिस ने नए साल के जश्न के लिए खास तैयारी कर रखी थी। 31 दिसंबर की शाम से ही शहर में जगह-जगह पुलिस तैनात थी। शराब पीकर गाड़ी चलाने, स्टंटबाजी और हुड़दंग करने वालों के लिए पुलिस तैयार थी। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की थी और किसी भी गड़बड़ी की सूचना 112 पर देने को कहा। इसी बीच पटना ट्रैफिक पुलिस ने स्पेशल ऑफर भी दिए। नए साल में होटल और रेस्टोरेंटों ने कई तरह के ऑफर दिए, लेकिन पटना पुलिस का ऑफर सबसे अनोखा रहा। नए साल की शाम, यदि आप शराब पीकर गाड़ी चला रहे हैं, स्टंट कर रहे हैं, तेज वाहन चला रहे हैं, सड़कों पर लड़ाई कर रहे हैं।

### केजरीवाल ने संघ प्रमुख को लिखा खत, खत में भाजपा की गलतियां गिनाई

केजरीवाल ने भाजपा के आचरण और लोकतंत्र पर उसके प्रभाव से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगा है। केजरीवाल ने आरआरएस के प्रमुख मोहन भागवत से पूछा कि क्या आरएसएस अतीत में भाजपा के गलत कामों का समर्थन करता है। उन्होंने भाजपा नेताओं द्वारा खुलेआम पैसे बांटने की प्रथा पर भी सवाल उठाकर पूछा कि क्या आरएसएस वोट खरीदने में भाजपा का समर्थन करता है। इसके अलावा, केजरीवाल ने दलित और पूर्वांचली वोटों के बड़े पैमाने पर कटने पर चिंता जताकर पूछा कि क्या संघ का मानना है कि यह लोकतंत्र के लिए सही है।

### जिम्बाब्वे ने मृत्युदंड के प्रावधान को समाप्त किया

हरारे। जिम्बाब्वे ने मृत्युदंड की सजा के प्रावधान को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। देश में लगभग दो दशक पहले आखिरी बार किसी को मृत्युदंड दिया गया था, ऐसे में हरारे के इस कदम को लेकर पहले से ही संभावना जताई जा रही थी। संसद द्वारा विधेयक पारित किए जाने के बाद राष्ट्रपति एमर्सन मनंगाग्वा ने इस सप्ताह कानून को मंजूरी दी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1960 के दशक में मनंगाग्वा को भी फांसी की सजा सुनाई गई थी। जिम्बाब्वे में लगभग 60 कैदी ऐसे हैं, जिन्हें मृत्युदंड सुनाया जा चुका है, लेकिन इस नए कानून के बाद उनकी सजा को माफ कर दिया जाएगा।

### जन्मदिन की पार्टी मनाकर लौट रहे दोस्तों की बाइक टकराई, दो की मौत, एक घायल

जिसे पटना रेफर किया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। तीनों जन्मदिन मनाकर घर लौट रहे थे। घटना मंगलवार देर रात की है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की देर रात सूर्या कुमार (17), रवि कुमार (18) और गौतम कुमार (16) एक बाइक पर सवार होकर बख्तियारपुर से नदी थाना क्षेत्र के जेठुली गांव अपने घर लौट रहे थे। मंगलवार को सूर्या का जन्मदिन था। तीनों एनएच-30 पर सुपंचक गांव के पास पहुंचे तो उनकी बाइक को तेज रफ्तार वाहन से टकरा गई। तीनों सड़क पर गिर गए। मौके पर ही सूर्या व रवि की मौत हो गई।

# 16 राज्यों में घना कोहरा...

### मप्र-यूपी में विजिबिलिटी 100 मीटर

## कोहरा, शीतलहर और ठंड का तांडव

### कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस11.5 डिग्री, हिमाचल में 6 दिन तक बर्फबारी का अलर्ट



**नई दिल्ली/ भोपाल।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी के कार । उत्तर भारत के राज्यों में ठंड का असर बरकरार है। कोहरा, शीतलहर और ठंड के तांडव ने लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। नए साल के पहले दिन मप्र, राजस्थान समेत देश के 16 राज्यों में घना कोहरा भी देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में घने कोहरे के चलते 100 मीटर से ज्यादा दूर देखना मुश्किल हो रहा था। मप्र के भोपाल-उज्जैन समेत कई जिलों में भी विजिबिलिटी 100 मीटर दर्ज की गई। हरिया  ा में कोहरे के कार  । 30 ट्रेनें प्रभावित हुईं। इसमें 19 ट्रेनें 30 मिनट से 6 घंटे तक देरी से चलीं। 11 ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं। यहां 13 जिलों कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के 3 शहरों में तापमान 5 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 2.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में पारा और गिर सकता है। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के लिए मशहूर गुलमर्ग में तापमान माइनस 11.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि पहलगाम में तापमान माइनस 8.4 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश में भी 6 दिन तक बर्फबारी का अलर्ट है।

### नवंबर-दिसंबर में रिकॉर्ड तोड़ चुकी ठंड

*इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। नवंबर-दिसंबर में ठंड रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। नवंबर की बात करें तो भोपाल में तो 36 साल का रिकॉर्ड टूटा है। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे रहा। वहीं, दिसंबर में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ा। स्थिति यह रही कि पूरे प्रदेश में जनवरी से भी ठंडा दिसंबर रहा। भोपाल समेत कई शहरों में ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 9 दिन से शीतलहर चली। भोपाल में दिसंबर की सर्दी ने 58 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।*

### राजस्थान ठंड की चपेट में

*घने कोहरे के कारण जयपुर से पुणे और अहमदाबाद जाने वाली 2 फ्लाइट को बुधवार सुबह कैंसिल कर दिया गया। वहीं, विजिबिलिटी कम होने के कारण चंडीगढ़ से जयपुर आई फ्लाइट करीब आधा घंटा तक आसमान में रही। घने कोहरे के कारण वह जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर पा रही थी। उधर, राजस्थान में कोहरे और शीतलहर (कोल्ड-वेव) से कड़ाके की सर्दी है।उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, अलवर, सीकर में दिन का अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।*

**भोपाल-उज्जैन-शाजापुर में घना कोहरा, विजिबिलिटी 50 मीटर, छतरपुर का नौगांव सबसे**

### मप्र के कई शहर कोहरे की आगोश में



मध्यप्रदेश में साल 2025 की पहली सुबह कड़ाके की सर्दी रही। वहीं, कई शहर कोहरे की आगोश में रहे। भोपाल, उज्जैन और शाजापुर में इतना घना कोहरा रहा कि 50 मीटर बाद कुछ नहीं दिखा। भोपाल में सुबह 9 बजे के बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए। सागर, बालाघाट के मलाजखंड और दमोह में 200 से 500 मीटर तक विजिबिलिटी रही। वहीं, नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन में 500 से 1000 मीटर और ग्वालियर, राजगढ़, शिवपुरी, जबलपुर में 1-2 किमी की विजिबिलिटी रही। छतरपुर के नौगांव की रात सबसे ठंडी रही। यहां पारा 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुना में 6.5 डिग्री, सागर में 6.7 डिग्री, राजगढ़ में 7.6 डिग्री, मंडला में 7.7 डिग्री, टीकमगढ़ में 7.9 डिग्री, मलाजखंड में 8 डिग्री, रतलाम-रायसेन में 8.3 डिग्री, उमरिया में 8.5 डिग्री, नरसिंहपुर में 9 डिग्री, खजुराहो-सतना में 9.4 डिग्री दर्ज किया गया। बाकी शहरों में भी पारे में गिरावट देखने को मिली। राजधानी भोपाल में पारा 8.4 डिग्री, जबलपुर में 9 डिग्री, ग्वालियर में 9.9 डिग्री, उज्जैन में 11.8 डिग्री और इंदौर में 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**मोहन भागवत के बाद आरएसएस मुखपत्र में लिखा**

## स्वार्थ के लिए मंदिर का प्रचार गलत

**भागवत ने कहा था- मंदिर-मस्जिद विवाद सही नहीं**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र पांचजन्य ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया है। पांचजन्य ने संपादकीय में लिखा कि कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए मंदिरों का प्रचार कर रहे हैं और खुद को हिंदू विचारक के रूप में पेश कर रहे हैं। पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर ने संपादकीय कि मंदिरों पर यह कैसा दंगल में लिखा- मंदिरों का राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। इसे राजनीति का हथियार नहीं बनाना चाहिए। भागवत का बयान गहरी दृष्टि और सामाजिक विवेक का आह्वान है। मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को पुणे में कहा था कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगहों पर इस तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। हर दिन एक नया मामला उठाया जा रहा है। इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है।

### भ्रामक प्रचार को बढ़ावा देना चिंताजनक

*भागवत के बयान के बाद मीडिया में लड़ाई जैसी स्थिति पैदा हो गई है। या तो यह जानबूझकर बनाई जा रही है। एक स्पष्ट बयान से कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। भागवत का बयान समाज से इस मुद्दे पर समझदारी से निपटने की एक स्पष्ट अपील थी। इन मुद्दों पर अनावश्यक बहस और भ्रामक प्रचार को बढ़ावा देना चिंताजनक है। सोशल मीडिया ने इसे और बढ़ाया है। कुछ असामाजिक तत्व खुद को सामाजिक समझदार मानते हैं। वे सोशल मीडिया पर समाज की भावनाओं का शोषण कर रहे हैं। ऐसे असंगत विचारकों से दर रहना जरूरी है। भारत एक सभ्यता और संस्कृति का नाम है, जो हजारों साल से विविधता में एकता का सिद्धांत न केवल सिखाता रहा है, बल्कि इसे जीवन में भी अपनाया है। आज के समय में मंदिरों से जुड़े मुद्दों को राजनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चिंताजनक है। सरसंघचालक ने इस प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। यह दृष्टिकोण दिखाता है कि हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए राजनीतिक झगड़ों, व्यक्तिगत महिमामंडन और विवादों से बचना चाहिए। भागवत का संदेश एक गहरी सामाजिक चेतना को जागृत करता है।*

## मुख्यमंत्री डॉ यादव शुरू करेंगे ''जनदर्शन''

### सीएम हाउस में सुनेंगे लोगों की समस्याएं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नए साल में सीधे जनता की समस्याएं सुनने के लिए जनदर्शन कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। इसकी शुरूआत 6 जनवरी से ही हो सकती है। जिसमें मुख्यमंत्री लोगों की समस्याएं सुनेंगे और तत्काल निराकरण भी होगा। खास बात यह है कि यदि प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही सामने आती है तो फिर कार्रवाई भी होगी। मुख्यमंत्री द्वारा जनता से जुड? के लिए शुरू किए जा रहे इस कार्यक्रम की रूपरेखा बन चुकी है। 6 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी भी हो चुकी है। बताया गया कि मुख्यमंत्री आवास पर सीएम डॉ.मोहन यादव सुबह 10 से 12 बजे तक लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्या सुनेंगे। तबादलों को छोडकर लोगों की सभी समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान प्रमुख विभागों के आला अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। जो तत्काल समस्याओं का समाधान कराएंगे। पहले कार्यक्रम के बाद नियमित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## दिसंबर में सरकार ने 1.77 लाख करोड़ जीएसटी वसूला

**नई दिल्ली।** सरकार ने दिसंबर 2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स, यानी जीएसटी से 1.77 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें 7.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी दिसंबर 2023 में सरकार ने 1.65 लाख करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्ट किया था। वहीं, इस वित्त वर्ष यानी 2024-25 में अब तक 16.33 लाख करोड़ रुपए त्रस्ज्ञ से आए हैं। ग्रॉस टैक्स कलेक्शन के लिहाज से नवंबर महीने में अब तक का तीसरा सबसे बड़ा कलेक्शन रहा था। इससे पहले अप्रैल 2024 में सबसे ज्यादा 2.10 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में वसूले गए थे। वहीं, अप्रैल-2023 और अक्टूबर-2024 में 1.87-1.87 लाख करोड़ रुपए का सरकार ने वसूला था।

## टाइगर ने 3 लोगों पर हमला किया



**बांदीकुई /दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में टाइगर ने एक महिला सहित तीन लोगों पर हमला कर दिया। तीनों की हालत गंभीर है और उन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल रेफर किया गया है। वहीं, ट्रैंकुलाइज करने पहुंची वन विभाग की टीम पर भी टाइगर ने हमला बोल दिया और गाड़ी के कांच फोड़ दिए। घटना जिले के बांदीकुई के महुखुर्द गांव में सुबह 7.30 बजे की है। टाइगर के हमले की सूचना के बाद वन विभाग की टीम भी पहुंच गई है। बताया जा रहा है टाइगर सरिस्का सेंचुरी से आया है। रेंजर दीपक शर्मा ने बताया- टाइगर की उम्र करीब 4 साल है। तीन बार इसे ट्रैंकुलाइज करने का प्रयास किया, लेकिन निशाना सही नहीं लग सका।

## नए साल में जोर पकड़ेगा किसान आंदोलन..शंभू बॉर्डर पर किसानों की बैठक में लिया गया निर्णय

### कृषि मार्केटिंग पॉलिसी का ड्राफ्ट रद्द करे सरकार



**सेशन में ड्राफ्ट समेत अन्य मांगों पर प्रस्ताव पास करे**

**चंडीगढ़।** फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का आंदोलन पिछले साल फरवरी से चल रहा है। वहीं, सरवन सिंह पंधेर के नेतृत्व में बुधवार को शंभू बॉर्डर पर किसानों की अहम बैठक हुई है। मीटिंग में तय हुआ है कि 6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद के प्रकाश पर्व शंभू बॉर्डर पर मनाया जाएगा। ऐसे में पटियाला के नजदीक के गांवों से अपील है कि अधिक से अधिक लोग मोर्चे में पहुंचे। इसमें किसान जत्थेबंदियां ने अपने कैडर सहित शामिल होंगी। दूसरी विनती है कि पंजाब सरकार के विटंर सेशन में केंद्र सरकार द्वारा जारी कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को रद किया जाए। किसानों की अन्य 13 मांगों के हक में पंजाब सरकार प्रस्ताव पास करे। आने वाले समय में शंभू बॉर्डर पर लोगों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जल्दी ही दिल्ली जाने के फैसले का ऐलान करेंगे।

### छह को शंभू में जुटेंगे किसान

बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद के प्रकाश पर्व शंभू बॉर्डर पर मनाया जाएगा। सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि केंद्र अभी बातचीत के लिए तैयार नहीं है। देश के प्रधानमंत्री को न तो किसानों और मजदूरों के हितों की जानकारी है और न ही वे इस बारे में सोच रहे हैं। सिर्फ कॉरपोरेट घरानों को कैसे खुश किया जाए। इसी बारे में सोचा जा रहा है। शंभू बॉर्डर पर हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को रोकने के लिए बनाई गई दीवार की ओर इशारा करते हुए पंधेर ने कहा कि यह दीवार हरियाणा सरकार ने 13 फरवरी को आंदोलन शुरू होने से पहले 6 फरवरी को बनाई थी। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू और हरियाणा के कृषि मंत्री ने इस पर यूटर्न ले लिया है। वे कहते थे कि आप पैदल आ सकते हैं, कोई

# इंडस्ट्री में सब कुछ पैसे और प्रॉफिट के इर्द-गिर्द सिमट गया, अब कुछ नया नहीं

### डायरेक्टर और एक्टर अनुराग कश्यप ने किया मुंबई छोड़ने का फैसला



**उन्होंने कहा कि उन्हें अब फिल्म बनाने की एक्साइटमेंट महसूस नहीं होती। अनुराग ने इंडस्ट्री में बढ़ती रीमेक कल्चर, रचनात्मकता की कमी और टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसियों के प्रभाव पर भी बात की।**

**मुंबई।** डायरेक्टर और एक्टर अनुराग कश्यप ने कहा कि मुझे कुछ नया करने को नहीं मिल रहा। इंडस्ट्री में सब कुछ पैसे और प्रॉफिट के इर्द-गिर्द सिमट गया है। एक्टर्स की टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसियां सिर्फ स्टारडम पर फोकस करती हैं, एक्टिंग या वर्कशॉप पर नहीं। यह ट्रेंड रचनात्मकता को खत्म कर रहा है। इसलिए उन्होंने मुंबई छोड़ने का फैसला किया है। अनुराग ने यह खुलासा एक साक्षात्कार में किया कि वे बॉलीवुड की मौजूदा स्थिति से निराश होकर मुंबई छोड़ने का फैसला कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अब फिल्म बनाने की एक्साइटमेंट महसूस नहीं होती। अनुराग ने इंडस्ट्री में बढ़ती रीमेक कल्चर, रचनात्मकता की कमी और टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसियों के प्रभाव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म मेकर्स कुछ भी नया करने से डरते हैं। प्रोड्यूसर्स फिल्म की शूटिंग से पहले ही यह तय कर लेते हैं कि फिल्म को कैसे बेचना है और कितना मुनाफा कमाना है। ऐसे में फिल्म बनाने का मजा खत्म हो गया है। अनुराग ने कहा कि वे अगले साल साउथ इंडस्ट्री में काम करने के लिए शिफ्ट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि साउथ इंडस्ट्री में लोग फिल्म बनाने को लेकर ज्यादा एक्साइटेड हैं। मैं वहां जाकर उन लोगों के साथ काम करुंगा जो रचनात्मकता को प्राथमिकता देते हैं। वरना मैं बॉलीवुड में एक बूढ़े आदमी की तरह सिर्फ समय बिताता रहूंगा।अनुराग ने कहा कि टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसियां एक्टर्स को ग्लैमर और स्टारडम का लालच देकर उन्हें सिर्फ पैसा कमाने का जरिया बना रही हैं। एजेंसियां एक्टर्स को वर्कशॉप या ट्रेनिंग देने की बजाय जिम भेजती हैं। यह मानसिकता बॉलीवुड को कमजोर बना रही है। उन्होंने कहा कि फिल्ममेकर्स को अब रिस्क लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म इंडस्ट्री में सिर्फ प्रॉफिट के बारे में सोचा जाएगा, तो सिनेमा मर जाएगा। हमें नई कहानियां और नए आइडियाज की जरूरत है। अनुराग का बॉलीवुड से निराश होकर साउथ इंडस्ट्री में काम करने का फैसला उनकी रचनात्मकता और नए प्रयोगों के लिए जगह तलाशने की कोशिश है। यह बयान बॉलीवुड की मौजूदा स्थिति पर एक सवाल खड़ा करता है कि क्या रीमेक और प्रॉफिट-ड्रिवन अप्रोच के चलते सिनेमा अपनी पहचान खोता जा रहा है।



# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शुरू

## न्यू कॉलोनी स्थित दधिमति मंदिर में

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** कस्बे के दधिमति माता मंदिर में बुधवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथा वाचक शिवाकांत पांडे ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को वेदों का सार कहा जाता है। इसलिए इसके श्रवण करने मात्र से ही जीवन के सारे पाप धुल जाते हैं। भागवत कथा परमहंसों की संहिता है जो हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती हैं। यह कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती हैं और जीवों का कल्याण भी करती है। जहां भागवत कथा का वाचन होता है वहा भगवान स्वयं प्रकट हो जाते हैं। भागवत को समझना भगवान को समझने के बराबर है। कथा वाचक ने कहा कि अच्छे कर्म करो। भाग्य, भक्ति, वैराग्य और मुक्ति पाने के लिए भागवत की कथा सुनो। केवल सुनो ही नहीं बल्कि भागवत की मानों भी। सच्चा हिन्दू वही है जो कृष्ण की सुने और उसको माने,





गीता की सुनो और उसकी मानों भी, माँ - बाप, गुरु की सुनों तो उनकी मानो भी तो आपके कर्म श्रेष्ठ होंगे और जब कर्म श्रेष्ठ होंगे तो आप को संसार की कोई भी वस्तु कभी दुखी नहीं कर पायेगी। कथा में भजन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रश्नों की प्रस्तुति जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान महंत शिवानंद पुरी महाराज, हस्तीमल दाधीच, उद्यमी पुखराज प्रजापत, राजूराम प्रजापत, प्रकाश ताडा, राकेश शर्मा, नटवर सिंह, शिक्षक रामकरण प्रजापत, रामजीवन चिपड़ा, नंदकिशोर वैष्णव, अमित जैन, पारसदास, रामदास, मांगीलाल व राजु शर्मा सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# समाजसेवी डॉक्टर महेश सोनी को स्वर्णिम बेस्ट राइटर ऑफ द ईयर सम्मान पत्र 2024 से किया सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦

**सोजत सिटी।** जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव व आर्या पब्लिकेशन राजस्थान प्रदेश महासचिव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी सोजत सिटी को भामाशाह व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वर्णिम बेस्ट राइटर ऑफ द ईयर सम्मान समारोह के शुभ अवसर पर स्वर्णिम बेस्ट राइटर ऑफ द ईयर सम्मान पत्र 2024 से आपको समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ऑनलाइन सम्मानित करते हुए आर्या पब्लिकेशन के संस्थापक सौरभ पाण्डेय लखनऊ द्वारा किया गया। एव स्वर्णिम बेस्ट राइटर ऑफ द ईयर आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। एवं समाजसेवी व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी ने आभार जताया।



# वैष्णव समाज चौखला मंडल कि वार्षिक बैठक आयोजित

## समाज विकास को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** वैष्णव समाज चौखला मंडल पीपाड़ शहर की बैठक पीपाड़ शहर में नव निर्मित वैष्णव छात्रावास में हुई जिसमें समाज विकास को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। चौखला मंडल के सचिव सोहनलाल वैष्णव मादलिया ने बताया कि बैठक संरक्षक श्यामदास व अध्यक्ष सत्यनारायण वैष्णव कि अध्यक्षता में हुई जिसमें लड़की-लड़का विवाह समारोह सहित विभिन्न सामाजिक समारोह में समाज विकास में सहयोग राशि देने, चौखला मंडल की संस्था का रजिस्ट्रेशन करवाने कार्यकारिणी का विस्तार करवाने व समाज विकास में रुकावट बनी सामाजिक कुरीतियों को बंद करने, शिक्षा में विशेष कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व समाज का आय-व्यय का ब्यौरा पेश करने सहित कई समाज विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जगदीश दास रुणकिया, किशोरदास, सोमप्रकाश, ओमप्रकाश पीपाड़, चैनदास, गोविंददास, गणपत दास, जालीवाड़ा, ढगलदास, कल्याणदास, पारसदास, सोहनदास मादलिया, गंगादास चिरढाणी, संतोषदास बांकलिया, रामेश्वरदास जालखा, ओमप्रकाश खेजड़ला, सोहनदास, देवीदास लाम्बा, महेंद्र मालावास, रुघदास, पुसादास दांतीवाड़ा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# अपने लिए नहीं औरों के लिए जीना सीखें– अमृतमुनि



♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह।** श्रमण संघ के उप प्रवर्तक, ज्योतिष रत्न अमृत मुनि महाराज सा ने कहा कि व्यक्ति अपने लिए नहीं अपनों के लिए जीना सीखें तथा मन में सेवा का भाव रखें, तब ही उसके जीवन की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने यह उद्गार स्थानीय जैन स्थानक में नव वर्ष पर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें अतीतकाल की भूलों को सुधारते हुए नए वर्ष में नया कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। डॉ वरुण मुनि महाराज सा ने सभी के प्रति मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि मानव को अपने भीतर के विकारों का शमन कर प्राणी मात्र के प्रति सद्भावना, दया और करुणा की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी प्रेरणा दी कि जीवन में कभी भी किसी के साथ छल कपट और धोखा नहीं करें, यही हमारे जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए। इस अवसर पर पंडित सुरेश कुमार दवे व बद्रीनारायण शर्मा ने नव वर्ष की शुरूआत के पहले दिन कस्बे में संतों के आगमन और उनके श्रीमुख से मंगल आशीर्वाद प्राप्त करने के अवसर को गांव के लिए शुभ संकेत बताया। राजेंद्र पोकरना ने भी सुख समृद्धि की कामना करते हुए आभार ज्ञापित किया। इस दौरान सभी को प्रभावना वितरीत की गई। इस मौके समाजसेवी जेठमल वैष्णव, गजेंद्र रांका, शंकरलाल मेवाड़ा, किशनलाल सोनी, आनंदप्रकाश व्यास, पूरनदान चारण, नवरत्न वैष्णव, केवलचंद सेन, जवरीलाल राठौड़, चंपालाल वैष्णव, कन्हैयालाल पायक, किशोरसिंह जैतावत, निर्मलसिंह चावड़ा, कंवरलाल छीपा, जगदीश मेवाड़ा, जुगलकिशोर छीपा, मोहनलाल घांची, कमल सोनी, हीरसिंह, सुआदेवी राठौड़, प्रेमकंवर राजपुरोहित, सुनीता लोहार, विजयादेवी पायक, संतोषकंवर,कांतादेवी शर्मा, संगीता राठौड़ व सुगनकंवर आदि ने सहभागिता निभाई। सोजत, कंटालिया व बिलाड़ा सहित अन्य स्थानो से भी गुरु भक्तों ने यहां आकर नव वर्ष के उपलक्ष में उप प्रवर्तक अमृतमुनि महाराज सा से मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र हुआ शुरू

## जरूरतमंद यहां से ले जा सकेंगे अपने उपयोग की वस्तुएं

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता।** जरूरतमंद लोगों को उपयोग के लिए सामान दिए जाने संबंधी मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र योजना के तहत अलवर नगर निगम क्षेत्र में केंद्र शुरू कर दिया गया हैं। जहां पर कोई भी आमजन अपने घर का अनुपयोगी सामान जैसे जूते, कपड़े,खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर, किताबें, सजावटी सामान तथा प्लास्टिक अथवा धातु से बने सामान को जमा करवा सकता है। वही जरूरतमंद व्यक्ति इन्हीं केंद्रों से अपनी जरूरत के अनुसार वस्तुएं निःशुल्क ले जा सकता है। केंद्र सोमवार से शनिवार तक सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक खुले रहेंगे। आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि घर में पड़े अनुपयोगी सामान को मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद तक भेजकर आमजन परोपकार का काम कर सकता है। बुधवार को सिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेन्द्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र, पुराना सूचना केंद्र पर 50 गद्दे और 40 कंबल दिए। नगर निगम के आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि सद्भावना केंद्र पुराना सूचना केंद्र पर शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा शीघ्र ही केडलगंज और रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरे, बस स्टैंड परिसर और कालाकुआं स्थित सामुदायिक भवन में भी सद्भावना केंद्र शुरू कर दिए जाएंगे।



# *घांची समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता चार से, पुस्तिका का विमोचन*

♦भारत टाइम्स♦

***जोधपुर अरुण माथुर।*** *वो घांची महासभा जोधपुर द्वारा समाज की 21वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट आयोजन चार जनवरी को पुराने रेलवे स्टेडियम में होगा। इस हेतु महादेव वाटिका बासनी में भामाशाह पुस्तिका का विमोचन जोधपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वरूण धनाडिया, भामाशाह मफतलाल परिहार, हरिओम बोराणा, अशोक परिहार, गोविन्द परिहार, अमित चोराणा द्वारा किया गया। खेल प्रकोष्ठ सचिव कमलेष भाटी ने बताया कि श्री घांची समाज की 21वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 36 टीमें भाग लेगी जिन्हें दो पुल में रखा जाएगा। तथा साथ ही दो टीमों में एक मैत्री मैच भी खेला जाएगा। सभी मैच नॉक आऊट आधार पर खेले जाएंगे। खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश परिहार ने बताया कि यह प्रतियोगिता रंगीन ड्रेस व सफेद लेदर बॉल से खेली जाएगी जिसका फाइनल 18 जनवरी को खेला जाएगा। कार्यक्रम में महासभा अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सोलंकी, कोषाध्यक्ष अचलु राम सोलंकी, समिति कोषाध्यक्ष गौरव भाटी, मितालाल बोराणा, श्रीकिशन भाटी, महेन्द्र परिहार विधि सलाकार, महेन्द्र परिहार, ओमप्रकाश भाटी, श्याम भाटी, ज्ञानचंद परिहार, महेश बोराणा, राजेश बोराणा, रवि भाटी, मोना भाटी, सुशीला भाटी, सनी परिहार, गोविंद परिहार, रमेश सोलंकी, महेन्द्र भाटी, विक्रम बोराणा, पवन धाणदिया रामचन्द्र भाटी, नंदकिशोर परिहार, जितेन्द्र पवार, अशोक बोराणा, मनोहर परिहार, शांतिलाल धाणदिया, दिनेश नागौरी, सुनील परिहार, राजेश भाटी, धनराज बोराणा, राकेश परिहार, व सभी टीमों के कप्तान उपस्थित थे।*

# पूर्व नरेश गजसिंह की वर्षगांठ पर दो दिवसीय सेवा कार्यों का समापन

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुरअरुण माथुर।** पूर्व नरेश गजसिंह के तिथि अनुसार जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय सेवा कार्य जिसमे निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में जाँच कर दवा वितरण, महिलाओं को साड़ियां और बालक बालिकाओं को गर्म स्वेटर और जेकेट्स भेंट किए गए। राजस्थान हाईकोर्ट के निकट श्रमिक बस्तियों में शिविर और साड़ियों का वितरण किया गया। बालक बालिकाओं को गर्म कपड़ों के साथ मिष्ठान भेंट कर शहर भ्रमण भी करवाया गया।कच्ची भील बस्ती सूरसागर में जोधपुर राजपरिवार के सानिध्य में आयोजित निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में डॉ धीरेन्द्र नारद के साथ अन्य चिकित्सकों की देख-रेख में मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। दो दिवसीय सेवा कार्य एचएच महाराजा गजसिंह मेडीकल विंग, युवराज शिवराज सिंह न्यूरो रिहेब सेंटर और मदर वर्ल्ड फाउण्डेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए गए। संस्था सचिव कला गुर्जर ने बताया कि शिविर में चर्म रोग, स्वास रोग, माइग्रेन, पाइल्स (मस्सा) फिशर, जोड़ों का दर्द, पुरानी खांसी, नासूर, नशा मुक्ति, आंख, नाक, कान गला की तकलीफ के साथ साथ ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच कर दवा भी उपलब्ध करवाई गई। दो दिवसीय सेवा कार्यों में सह सचिव जिज्ञासा सिंह के साथ साथ राम किशन पंवार, दिनेश, विनीता जोशी, बेबी रानी, और भैरा राम ने सेवा कार्यों में सहयोग किया।



आवश्यकता

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147

9799911545

# 15 दिन के उपचार के बाद पुणे से जोधपुर पहुंचा आसाराम, एयरपोर्ट पर उमड़ी भक्तों की भीड़

♦भारत टाइम्स♦

जोधपुर अरुण माथुर` यौन शोषण केस में उम्रकैद की सजा काट रहा आसाराम 15 दिन के उपचार के बाद बुधवार को पुणे से जोधपुर पहुंचा. आसाराम की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में उसके श्रद्धालु जमा हो गए. पुलिस ने उन्हें एक निश्चित सीमा में रोके रखा. एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. एयरपोर्ट थानाधिकारी हनुमान सिंह ने बताया कि आसाराम को पुणे के माधव बाग आयुर्वेदिक अस्पताल में उपचार के लिए हाईकोर्ट से 15 दिन की पेरोल मिली थी. इसके चलते रातानाडा थाना पुलिस के जवान उपचार के समय पूरे समय उनके साथ रहे. हाईकोर्ट के निर्देश पर आसाराम ने ही पूरा खर्च उठाया था. इससे पहले बुधवार को आसाराम जोधपुर की फ्लाइट पकड़ने मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भी उनके भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे. जोधपुर एयरपोर्ट से आसाराम को जेल ले जाया गया राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम को उपचार के लिए 15 दिसंबर को तीसरी बार 17 दिन की पेरोल दी थी. कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि आसाराम के साथ पुलिस के जवान रहेंगे. इससे पहले 7 नवंबर को 30 दिन की पैरोल जोधपुर के निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए मिली थी, जबकि उससे पहले अगस्त में 7 दिन की पैरोल मिली थी. तब भी वह पुणे गए थे. आसाराम को हृदय रोग सहित कई तरह की बीमारियां हैं, जिनका वह उपचार आयुर्वेद पद्धति से करवा रहा है आसाराम की संस्था से जुड़े शख्स ने बताया कि उन्हें पिछले कुछ समय से हृदय संबंधी समस्याएं हो रही हैं।। उन्हें इसी के नाम पर 7 दिनों की पैरोल मिली है। उन्होंने बताया कि जेल में 9 अगस्त को आसाराम की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें जोधपुर एम्स में भर्ती कराया गया था। इससे पहले आसाराम को जोधपुर के एक प्राइवेट आयुर्वेदिक अस्पताल में भी इलाज के लिए ले जाया गया था। उस दौरान वह पुलिस कस्टडी में ही अस्पताल में भर्ती रहे थे। उस प्राइवेट आयुर्वेदिक अस्पताल में पुणे के डॉक्टर की देखरेख में ही अपना इलाज कराया



# पंचायतीराज चुनाव में दो से अधिक संतान बाध्यता समाप्त की लगातार उठ रही है मांग

## विधानसभा लोकसभा की तरह पंचायतीराज में भी संतान बाध्यता हटाई जाए

♦भारत टाइम्स♦



**फिरोज खान सिरोही।** पंचायत राज चुनाव में दो से अधिक संतान की बाध्यता को समाप्त करने को लेकर कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर ने मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार के नाम उप तहसीलदार को ज्ञापन देकर पंचायत राज चुनाव में दो से अधिक संतान की बाध्यता खत्म करने की मांग की ।बुनकर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार पंच सरपंच पद पर चुनाव लड़ने के लिए पंचायत राज अधिनियम 1994 की धारा 19 ठ के प्रावधान अनुसार दो से अधिक संतान वाला व्यक्ति महिला पुरुष चुनाव लड़ने के लिए पात्र नहीं है ।जबकि विधानसभा लोकसभा चुनाव में विधायक सांसद उम्मीदवार के लिए दो से अधिक संतान वाला व्यक्ति पात्र है जो एमएलए एमपी के चुनाव लड़ सकता है। यानी की ग्राम पंचायत चुनाव में दो से अधिक संतानों के व्यक्ति के चुनाव लड़ने की पात्रता नहीं रखना संविधान की आर्टिकल 14 व 24 के अनुसार सीधा साधा समानता के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है ।लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में दो से अधिक संतान का व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है जबकि पंचायत राज में बहुत से अधिक संतान वाले व्यक्ति पर नियम लागू होने से व्यक्ति अपने संविधान से प्रदत्त मूल अधिकार से वंचित रहता है। इस अवसर पर लवजी राम बुनकर ,हीराराम मेघवाल ,जयंतीलाल भाट ,अनिता दरबार, मोहब्बत सिंह देवड़ा ,आसुराम लूनिया, नरभा राम पुरोहित, अजय कुमार टॉक ,मफत लाल भील, अक्षय कुमार मेघवाल, ऊका राम कलबी ,भेमाराम बुनकर समेत सैकड़ो ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर कर पंचायत राज चुनाव में दो से अधिक संतान के चुनाव लड़ने की बाध्यता को खत्म करने की मांग की।

# राजस्थान सरकार जनहित में कर रही है ठोस कार्य - मकवाना



♦भारत टाइम्स♦

**निर्मल कुमार बुरासिया पाली।** राजस्थान की भाजपा सरकार जनहित मे अच्छे कार्य कर प्रधानमंत्री मोदी के वीजन को आगे बढा रही है, उपरोक्त बाते अहमदाबाद (गुजरात) के लोकसभा सदस्य दिनेश मकवाना ने निजी प्रवास पर धनला मे ओएनजीसी के सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक तेजसिंह कुम्पावत के फार्म हाउस शंभू सागर पर कही। सांसद दिनेश मकवाना के साथ अहमदाबाद हाउसिंग कमेटी के पुर्व अध्यक्ष गिरवर सिंह शेखावत, अहमदाबाद भाजपा लीगल सेल के सतीष अग्रवाल,पुर्व उप मेयर विपिन कुमार, धन सिंह राठौर भी थे।अहमदाबाद सांसद दिनेश मकवाना के धनला आगमन पर सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक तेजसिंह कुम्पावत, पुर्व उपप्रधान भवरलाल सुमन, सहकारी समिति अध्यक्ष व किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डूंगरसिंह राजपुरोहित, बुथ अध्यक्ष श्याम सिंह ने सांसद दिनेश मकवाना का स्वागत किया।

# गुलारामजी महाराज 57 वां वार्षिक मेला 5 जनवरी को



♦भारत टाइम्स♦

**पाली।** जिला के लांबिया गांव में क्षत्रिय सीरवी समाज विकास सेवा संस्था द्वारा रविवार 5 जनवरी को संत गुलाराम जी महाराज 57 वां वार्षिक मेला एवं सत्संग महोत्सव का आयोजन है। संत गंगाराम महाराज, संत गणपति पुरी महाराज, महन्त राम प्रसाद ,महंत सेवानंद, संत सुरजन दास एवं सतलाना साध्वी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पाली सांसद पीपी चौधरी ,राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मदन राठौड़ ,पशुपालन एवं डेयरी गोपालन देवस्थान विभाग मंत्री जोरा राम कुमावत, विधायक केसाराम चौधरी, पाली प्रधान मोहिनी देवी पुखराज पटेल, हेमंत गादाणा, नंदिनी सौरभ चौधरी, मदनलाल राठौड़ की उपस्थिति रहेगी. बेंगलुरु के गौभक्त महेंद्र मुणोत को लांबिया ग्राम निवासी मोहनलाल भायल, भूराराम चोयल ,नरेंद्र चोयल एवं नारायण लाल लचेटा ने उनके प्रतिष्ठान पर जाकर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। कार्यक्रम में नामी भजन कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है जिसकी तैयारियां जोरों पर है।

# गेहलोत बने मेघवाल समाज सेवा समिति (रोई परगना 32 गांव) पिंडवाड़ा के अध्यक्ष

♦भारत टाइम्स♦



**फिरोज खान सिरोही।** मेघवाल समाज सेवा समिति (रोई परगना 32 गांव) पिंडवाड़ा के चुनाव दिनाँक 30 दिसम्बर 2024 को मेघ वाटिका, बामनवाड़ जी के पास ठल 62 के पास शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए।उक्त चुनाव अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद हेतु हुए जिसमे अध्यक्ष पद हेतु जनापुर से श्री सीताराम गेहलोत, पिंडवाड़ा से अचलाराम और अजारी से केसाराम ने अपना अपना आवेदन प्रस्तुत किया आवेदन की जाँच उपरांत तीनों आवेदन सही पाये गए लेकिन केसाराम अजारी के आवेदन वापस लेने के कारण अध्यक्ष पद हेतु दोनों उम्मीदवारों के बीच चुनाव हुए जिसमें सीताराम गेहलोत 197 मतों से विजयी घोषित हुए। महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु नेकाराम(निखिल) केरला पादर और वीसाराम उन्द्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस प्रकार नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इस सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी रमेश लाल वीरवाड़ा, डॉ विजय कुमार जनापुर और गोविंद राम कोजरा ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष चुनाराम मेहरा नया सानवाड़ा ने नई कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज हेतु समाज हित के कार्य करने हेतु हर सम्भव सहयोग की बात कही। अंत में पूर्व महामंत्री महेंद्र कुमार झाड़ोली, पूर्व कोषाध्यक्ष मादाराम पिंडवाड़ा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। 22 परगना अध्यक्ष वीराराम परलाई ने भी आप अपने विचार प्रस्तुत किये। इस मौके पर समाज के सैंकड़ों बुजुर्ग,युवा एवं महिलाओं की उपस्थिति रही क यह जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी रमेशलाल दहिया वीरवाड़ा ने दी।

# दिल्ली महरौली से पैदल चलकर अजमेर पहुंचे कलंदर

## दरगाह में पेश की छड़ियां

## दिखाए हैरतअंगेज करतब

- सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती 813वें उर्स का पैगाम देश के विभिन्न हिस्सों में देते



♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा) अजमेर।** दिल्ली के महरौली स्थित कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह से छड़ियां लेकर पैदल रवाना हुए इन कलंदरों मलंगों ने गरीब नवाज के उर्स के पैगाम देने वाले परचम अर्थात छड़ियां हाथ में ली हुई थीं। कलंदरों का झुलूस गंज स्थित चिल्ले से शुरू हुआ। जुलूस में कलंदर हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए दरगाह पहुंचें। छड़ियों के साथ निकलने वाले जुलूस में मलंग कलंदर हैरतअंगेज करतब पेश करते हुए चल रहे थे। यहां इन्होंने हैरतअंगेज करतब दिखाए। किसी ने जुबान में नुकिली लोहे की छड़ घुसा ली तो किसी ने गर्दन के आर-पार छड़ निकाल दी। एक कलंदर ने तो तलवार से आंख की पुतलियां बाहर निकाल दी। उर्स में कलंदरों ने चाबुक से शरीर पर चोट पहुंचाने जैसे करतब दिखाए। कलंदर व मलंग के ऐसे हैरतअंगेज नजारे देखकर हर कोई आश्चर्य चकित था। कलंदरों का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। गंज, देहली गेट, धानमंडी, दरगाह बाजार होते हुए यह जुलूस रोशनी के वक्त से पूर्व दरगाह पहुंचा। दरगाह के निजाम गेट पर खुद्दाम ख्वाजा की ओर से कलंदरों मलंगों का स्वागत किया गया।

# 18 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया



♦भारत टाइम्स♦

**मैसूरु।** बीजेएस शिक्षण संस्थान बन्नूर के तत्वावधान में 18 वां वार्षिकोत्सव आदि चुनचुनगिरी मठ मैसूरु शाखा प्रमुख सोमेश्वरनाथ स्वामी के सान्निध्य में मनाया गया दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ मुख्यअतिथि समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर रहे सोमेश्वरनाथ स्वामी ने राजपुरोहित का सम्मान किया विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाटक नृत्य की प्रस्तुति दी मेधावी विद्यार्थियों को परितोषित देकर प्रशस्ति पत्र दिया गया राजपुरोहित ने अपने संबोधन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण कर उच्च चरित्र निर्माण करने की बात कही बच्चे देश का भविष्य है में मोबाइल का प्रचलन तीव्र गति से बढ़ रहा है परिजन बच्चों को मोबाइल सौंप कर अपने कार्य सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं बच्चे मोबाइल में गंदी सामग्रियां देखकर व ऑनलाइन गेम खेल कर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं उनका स्वभाव चिड़चिड़ा हो रहा है इस मौके पर पूर्व विधायक सुनीता वीरप्पा गौड़ा, पालीका सदस्य शिवकुमार, विजय कुमार, प्राचार्य अश्वथ, प्रधानाचार्य उमाशंकर, व्यवस्थापक आनंद गौड़ा, रामास्वामी, कुमार गौड़ा, लोकेश गौड़ा सहित बड़ी संख्या में छात्र व परिजन तथा शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण-सुदामा मिलन की मार्मिक कथा सुनाई



♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा) अजमेर।** अजमेर के ओझा गार्डन में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन के समापन पर व्यासपीठ से पंडित राघवकृष्ण ने कृष्ण-सुदामा मिलन की मार्मिक कथा सुनाई । कथा के मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं हृदय भक्ति और प्रेमभाव विभोर हो गये । व्यासपीठ का रायपुर मारवाड़ से आये श्रीमती सोनिया श्रीगोपाल पाराशर ने माल्यार्पण कर व्यासपीठ का सम्मान किया । वहीं कथावाचक पंडित राघवकृष्ण ने पाराशर दम्पति को अर्पणा ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया । कथा के मुख्य यजमान विनोद पाराशर, मुकेश पाराशर, गोपाल पाराशर और नारायण पाराशर ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और पूरे आयोजन को सफल बनाया। कथा समापन के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया ।जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन धार्मिक और सामाजिक समर्पण का उत्तम उदाहरण रहा।

# माताओ बहनों द्वारा भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन

♦भारत टाइम्स♦



**हैदराबाद।** सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुड़ा हैदराबाद वडेर प्रांगण में दिनांक 1/1/2025 बुधवार को माताओ बहिनों के भजनों एवं भोजन प्रसाद के लाभार्थी परिवार लिला देवी धर्म पत्नी राजुराम सेपटा मरुधर में गांव झूठा फर्म महालक्ष्मी ज्वेलर्स इब्राहिमपटनम हैदराबाद वालो द्वारा सुबह 11: 15 बजे से गाजे बाजे के साथ नाचते हुए श्री आई माताजी को भोग लगाकर माताजी की आरती बोली गई और बोली के लाभार्थी परिवार द्वारा बोली की राशि समाज को सुपुर्द की गई और बोली के लाभार्थी परिवार का समाज द्वारा माला एंव दुपट्टा से स्वागत किया गया माताओ बहिनो द्वारा भजनो का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ उसके बाद सभी समाज बन्धुओ के लिए भोजन प्रसाद का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ लाभार्थी परिवार के सदस्य राजुराम, अशोक,ललित दीक्षित वेवाईसा मोहनलाल एंव ताराराम, वोराराम प्रकाश सम्पूर्ण परिवार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समाज के अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, उपाध्यक्ष भाणाराम, उपाध्यक्ष चेनाराम सिन्दड़ा, सहसचिव गजाराम सैणचा, कोषाध्यक्ष दौलतराम पंवार, सह खेलमंत्री धनराज वरपा, सहखेल मंत्री मोतीलाल चोयल, पूर्व अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, सचिव हिरालाल सैणचा, चौथाराम पंवार, चुन्नीलाल वरपा, वेनाराम वरपा, हेमाराम खण्डाला, नेमाराम काग, चम्पालाल काग, दिलीप आगलेचा, अमराराम सिन्दड़ा, गोविंद पंवार एंव समाज के सभी बंन्धु उपस्थित सभी समाज बन्धुओ एंव माताओ बहिनो को हिरालाल सैणचा की और से 2025 के नये वर्ष की हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाए दी गई।

# महाप्रबंधक ने किया उत्तर पश्चिम रेलवे के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

## जोधपुर के मेहरानगढ़ को भी प्रमुखता से दशार्या



- आधुनिकता के साथ विरासत के संरक्षण की अवधारणा की झलक

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने बुधवार को 2025 के विभागीय वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि महाप्रबंधक ने अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्रकाशित 2025 के विभागीय कैलेंडर का जोनल मुख्यालय में विमोचन करने के पश्चात विभागाध्यक्षों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए वर्ष-2025 के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कैलेंडर में रेलवे ने आधुनिकता के दौर में विरासत के संरक्षण की अवधारणा को प्रमुखता से दशार्या है जिसके मद्देनजर उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्थित किलों को प्रदर्शित किया गया है।

# 12 राशियों का वार्षिक भविष्यफल सन 2025



आर्थिक और व्यापारिक दृष्टि से यह वर्ष मध्यम फलकारक है धन लाभ के साथ खर्च की अधिकता रहेगी, आर्थिक चिन्ता और व्यापार की बाधा मन को अशांत रखेगी नौकरी में किसी जांच का सामना करना पड़ेगो विपरीत तबादले के साथ पदोन्नति मिल सकती है

मेष राशि- चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ - आपकी राशि का स्वामी मंगल है। आर्थिक एवं व्यापारिक स्थिति दृष्टि से यह वर्ष सामान्य फल देगो परिश्रम की अधिकता के साथ-साथ अधिक कामों में रुकावट आएगी, जिसके कारण अस्थिरता और मानसिक तनाव बनेगा, किन्तु आकस्मिक धन प्राप्त के योग बनेंगे मध्यम धन लाभ के साथ खर्च की अधिकता बनी रहेगी कोई पुराना काम रुका पूर्ण होगो धन हानि होगी पदोन्नति के योग बनेंगे, मनचाहा तबादला मिलेगो अनेक बार उच्चाधिकारियों से तनाव की स्थिति बनेगी संपत्ति में हानि होगी विवाद खड़े होंगे, खरीदी संपत्ति आगे चलकर लाभ देगी कर्ज से मुक्ति मिलेगी, स्वास्थ्य प्रायः नरम रहेगो प्रेम प्रसंगों में तनाव होगो अशुभ समाचार से दुख होगो अदालत मामलों में अनेक उलझनों के बाद अंततः आपकी जीत होगी, किन्तु दाम्पत्य जीवन तनाव पूर्ण रहेगा, संतान की चिन्ता रहेगी कुटुम्बजनों से कभी दुख तो कभी सुख मिलेगो शिक्षा के क्षेत्र में मिला जुला फल मिलेगो अपने शत्रुओं से आप विशेष सावधान रहे किसी दुर्घटना के शिकार हो सकते है चोरी आदि की संभावना है धैर्य से काम लें, विवाद से बचें किसी धोखे का शिकार हो सकते है शुभ फल प्राप्त हेतु मूंगा धारण करें, मंगलवार का व्रत रखे तथा हनुमानजी की आराधना करें हनुमानजी को चोला चढ़ाऐ जाप पाठ आदि करें या सुंदरकांड का पाठ आदि करें व कराये 2. वृष राशि- इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो

आपकी राशि का स्वामी शुक्र हैं। आर्थिक और व्यापारिक दृष्टि से यह वर्ष मध्यम फलकारक है धन लाभ के साथ खर्च की अधिकता रहेगी, आर्थिक चिन्ता और व्यापार की बाधा मन को अशांत रखेगी नौकरी में किसी जांच का सामना करना पड़ेगो विपरीत तबादले के साथ पदोन्नति मिल सकती है किसी पुरानी उलझी समस्या का निकाय होगो सम्पत्ति विवाद से हानि होगी सुख सुविधा के साधन वाहन खरीदी से व्यय होगो किसी अभिन्न मित्र से धोखे की संभावना है स्वास्थ्य नरम रहेगो कोई पुराना रोग उभर सकता है किसी मित्र के सहयोग से पुराने कर्जे से मुक्ति मिलेगी अचानक धन प्राप्त के योग बनेंगे विवादों से हानि होगी किसी धोखे का शिकार हो सकते है उधार दिया हुआ कर्ज डूब सकता है इस वर्ष मुदकमें में आपको विजय मिलेगी चोट चपेट दुर्घटना की संभावना है घर में शुभ



मांगलिक कार्य होंगे, शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को आंशिक सफलता मिलेगी अपने शत्रुओं पर विशेष निगाह रखे क्रोध त्यागे अन्यथा उच्च रक्तचाप होगा ब्लड प्रेशर बढ़ेगो रिश्तेदारों के आने से मन प्रसन्न रहेगो प्रेम प्रसंगों में अपमान सहना होगो दाम्पत्य जीवन में कभी सुख, कभी दुख सहना होगो कुटुम्बियों से विरोध का सामना करना पड़ेगा, नए संपर्क बाद में लाभ देंगे किसी शासकीय कार्य नोटिस से चिन्ता बढ़ेगी शुभ फल प्राप्त होगो हीरा धारण करें शुक्रवार का व्रत रखे, शिवजी की आराधना करें

3. मिथुन राशि- का, की, कू, ड, छ, के, को, ह

आपकी राशि का स्वामी बुध हैं। आर्थिक एवं व्यापारिक दृष्टि से यह वर्ष परिश्रम से अच्छा फल देगो व्यापार विचार के साथ नवीन कार्य तथा योजनाओं को सफलता मिलेगी छुटमुट बाधायें आयेगी धन की आवक जावक बराबर होने से धन से बचत भाव कम दिखाई देगो पारिवारिक समस्याओं पर विवाद बनें रहेंगे खरीदी वस्तुओं पर आगे चलकर लाभ होगो कोई पुराना रुका पैसा मिल जायेगो जोखिम कार्यों में अचानक धन लाभ होगो उधार न दें, अन्यथा पैसा फसेगो सेल टैक्स, इनकम टैक्स की जांच सामने करवाना पड़ेगो मित्रों से लाभ कम तनाव ज्यादा मिलेगो नौकरी के क्षेत्र में उच्चाधिकारियों से विवाद बढ़ सकता है विपरीत तबादले के बाद यात्राओं के योग बनेंगे कुटुम्बीजनों से दुःख सुख की आशा कम होगी स्वास्थ्य प्रायः नरम रहेगो ऑपरेशन की संभावना बन सकती है आपके मान सम्मान पर अघात आ सकता है अपनी वाणी पर संयम रखे क्रोध त्यागे वरना रक्तचाप के

शिकार हो सकते है किसी पुराने कर्ज से मुक्ति मिलेगी संतान की चिन्ता बनेगी किसी दुर्घटना का शिकार हो सकते है अदालती मामलों में जीत हासिल होगी वैवाहिक प्रयासों में सफलता मिलेगी विष्णु जी का पूजन करें सोमवार या बुधवार का व्रत धारण करें

5. कर्क राशि- ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

आपकी राशि का स्वामी चन्द्रमा हैं। आर्थिक एवं व्यापारिक दृष्टि से यह वर्ष सामान्य फलदायक है खर्च की अधिकता के कारण धन का संचय कम होगो व्यापार में अच्छे व्यापारियों से मेल मिलाप होगो पुराने रुके कार्यों में अभीष्ट कार्य की पूर्ति होगी धन हानि होगी तथा अनेक बाद बाधायें आएगी नौकरी के क्षेत्र में पदोन्नति मिलने पर विवाद भी बढ़ेगो मनचाहे वाहन सुख साधन सुविधाओं के साधनों की खरीदी होगी पारिवारिक संपत्ति विवाद पैदा करेगी कुटुम्बियों से लगातार विरोध का सामना करना पड़ेगो दांपत्य जीवन में सुख की कमी तथा तनाव पैदा होगो तीर्थ यात्रा पर जायेंगे, किन्तु अशुभ समाचार से दुख होगो आपरेशन आदि का सामना करना पड़ सकता है किसी पुरान कार्य से मुक्ति मिलेगी, विवादों से दुःख होगो किसी धोखे का शिकार हो सकते है वैवाहिक प्रयासों में सफलता मिलेगी, किन्तु बाधा आयेगी अदालती मामलों में समाधान मिलेगो इस वर्ष आपके शत्रु आय पर हावी होंगे शिक्षा के क्षेत्र में बाधायें सामने आएगी प्रेम प्रसंग में अपमानजनक स्थिति बनेगी, संतान की चिंता सतायेगी उधार लेन देन से बचे, जोखिम के धंधों से लाभ होगो रुका पैसा मिलेगो जोखिम के कार्यों से विशेष लाभ होगो अनेक नए संबंध बनेंगे, जो बाद में काम आयेंगे किसी पुरानी उलझी समस्या का निदान होगो किसी चोट चपेट के शिकार हो सकते है शुभ फल हेतु शंकर जी की पूजा करें, सोमवार का व्रत रखे तथा महामृत्युन्जय मंत्र का जाप पाठ करे या कराये

6. सिंह राशि- मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टू, टे

आपकी राशि का स्वामी सूर्य हैं। व्योहारिक दृष्टि से यह वर्ष सामान्य फलदायक है आर्थिक चिंता कम, लाभ तथा व्यापार बाधाओं के कारण कार्य परिवर्तन का मन बना सकते है पारिवारिक संपत्तियों को लेकर कुटुम्बजनों में विवाद होंगे, जिससे भारी मानसिक तनाव होगो खर्च की अधिकता एवं साधनों की खराबी तथा खरीदी के कारण धन संचय कठिन होगा अतः आय उधार देने से बचे शासन से कोई नोटिस आदि मिलेगो जीवन में छुटपुट लाभ के साथ विपरीत तबादलों तथा स्नानातंरण से क्षेत्र होगो दाम्पत्य जीवन में सुख दुख दोनों साथ आयेंगे बुजुर्गो के लिए समय कष्टदायी होगो विरोधी आय को परेशान करने में सफल होंगे, छात्रों को परिश्रम में सफलता मिलेगी समय उत्तम है लाभकारी संपर्क बनेंगे शोक का सामना करना पड़ेगो संतना की चिन्ता सतायेगी जोखिम के धंधों में धन लाभ होगा, विवादों से हानि होगी किसी निकट व्यक्ति से धोखे की संभावना है अतिथि सत्कार में समय बीतेगो रुका पैसा मिलेगो मनोरंजन के मौके आयेंगे किसी कष्ट सामना करना पड़ेगो शुभ फल प्राप्त हेतु सूर्य का जाप करें, स्त्रोत का पाठ करें, रविवार का व्रत रखे राम रक्षा स्त्रोत का पाठ करें तथा माणिक रत्न पांच रत्ती का धारण करें

6. कन्या राशि- टो, पा, पी, पू, षा, ण, ठ, पे, पो

आपकी राशि का स्वामी बुध हैं। आर्थिक एवं व्यापारिक दृष्टि से यह वर्ष मिश्रित फलकारक होगो अच्छे धन लाभ के बावजूद खर्च की अधिकता रहेगी एवं धन हानि होगी समय काल विषय हेतु अनुकूल है छुटपुट बाधाओं के बावजूद इस वर्ष आपके सोचे कार्य पूर्ण होंगे घरेलू सुख साधन के सुविधाओं के वाहन खरीदी में खर्च होगो जोखिम के कार्य में धन प्राप्त होगो मानसिक तनाव होगो पारिवारिक समस्याओं को लेकर हल्का विवाद हो सकता है कुटम्बियों में अवरोध होगो सावधनी एवं धैर्य से कार्य लेंगे अन्यथा पुलिस के लफड़े में फंस सकते है संतान की सफलता में मन प्रसन्न रहेगो नए संपर्क से कोई विशेष लाभ नहीं होगो अशुभ समाचार से मन दुखी होगो पुरानी कोई उलझी समस्या का निदान होगो यात्रा कष्टदायक होगी कड़े परिश्रम से छात्रों को सफलता मिलेगी तथा अपने शत्रुओं से सावधान रहे तथा संकल्प को लेकर कार्य करते रहे तथा आगे बढ़े पन्ना धारण करें तथा देवी की आराधना करें तथा विशेष काल में देवी का पाठ जाप कराये तथा देवी चालीसा का नित्य पाठ करें तथा सरस्वती मंत्र व जाप करें मंत्र एवं ऐं क्लीं महा सरस्वती स्वाहा तो आपका निश्चय मानसिक विकास होगा एवं पढ़ने में मन लगेगो

7. तुला राशि- रा, री, रु, रे, रो, त, ती, तू, ते

आपकी राशि का स्वामी शुक्र हैं। आर्थिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में इस वर्ष आप को कोई अच्छा लाभ होगो व्यापार में अनेक बाधाओं के बीच धन का लाभ होगो आर्थिक चिन्ताओं के बीच समान खरीदी होगी कार्य विस्तार व कार्य परिवर्तन के योग बनेंगे, नए कार्य खोलने के योग बनेंगे जोखिम के धंधों में धन प्राप्त का योग है रुके कार्य समय पर हो जायेंगे मित्रगण सहयोग करेंगे, किन्तु तनाव की स्थिति से बचकर चले व्यापार में मन चाहे कार्य होंगे किन्तु उतार चढ़ाव की स्थिति बनेगी मनचाहा तबादला तथा सहयोग की उन्नति बनेगी, विभागीय जांचों का तनाव बढ़ेगा, किन्तु पुरानी जांच से मुक्ति मिलेगी, संपत्ति का लाभ होगो सेलटेक्स, इनकम टेक्स की जांच होगी मुकदमों में उलझनों तथा हार की स्थिति बन सकती है सजकता से केस मुकदमें लड़े दाम्पत्य जीवन कष्ट में रहेगा, चोट चपेट की संभावना बनेगी समय मानसिक तनाव होगा किन्तु मनोरंजन के भी अवसर प्राप्त होंगे खर्च की अधिकता के कारण कर्ज लेने की नौबत आ सकती है पुराने विवादित कर्ज से मुक्ति मिलेगी, शिक्षा के क्षेत्र में छात्र को सफलता के योग बनेंगे प्रयासों को कर्म पर कसौटी में कसने से आपको अच्छी सफलता मिलेगी चोरों से सावधान, अतिथि आगमन होगो शुभ फल प्राप्त हेतु शुक्रवार का व्रत करे, जरकिन तथा डायमंड धारण करें महामृत्युजंय का पाठ, जाप अवश्य कराऐ

8. वृश्चिक राशि- तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, वि, यू

आपकी राशि का स्वामी मंगल हैं। आर्थिक एवं व्यापारिक दृष्टि से यह वर्ष अनेक परेशानियों के साथ-साथ अच्छा फल दे सकता है व्यापार विस्तार व परिवर्तन का अनुकूल समय है सोचे हुए कार्य पूर्ण हो जायेंगे सुख सुविधाओं के साधन एवं वाहन खरीदी होगी, किन्तु धन की कमी महसूस होगी संतान की शिक्षा में धन खर्च होगा, परिश्रम अधिक करने से रुके कार्य पूर्ण होंगे पर विकार व कमर दर्द के कारण शारीरिक कष्ट होगो नौकरी में उत्तम लाभ एवं विवाद की संभावना, किन्तु सम्पत्ति लाभ होगो दाम्पत्य जीवन कष्टमय होगा, संतान की सफलता से खुशी महसूस करेंगे यात्राएं कष्टप्रद हो सकती है आपको शुभ समाचार मिलेगा, आकस्मिक धन प्राप्त के योग बनेंगे इस वर्ष उच्च वर्ग के लोगों से अच्छे संपर्क बनेंगे, जिससे आप अच्छा लाभ उठा सकते है कुटुम्बीजनों से कभी दुःख तो कभी सुख मिलेगो मानसिक तनाव के बीच आमोद प्रमोद के भी मौके मिलेंगे, किन्तु आपके मान सम्मान में भी आंच आ सकती है आपके पक्ष में मुकदमें की संभावना है वैवाहिक प्रयासों में सफलता मिलेगी पुराने कर्ज का चुकाया होगो शत्रु आप पर हावी रहेंगे छात्राओं को बाधाओं का सामना करना पड़ेगा रुका पैसा मिलेगा।

# फडणवीस क्यों बने रहना चाहते हैं गढ़चिरौली के गार्जियन मिनिस्टर? 50 हजार करोड़ का हो चुका है

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेकर एक बड़ी खबर आई है। फडणवीस गढ़चिरौली के गार्जियन मिनिस्टर के रूप में काम जारी रखने का निर्णय लिया है। इस बयान नक्सल क्षेत्र सुर्खियों में है। इससे संकेत मिलता है कि महायुति सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में इस क्षेत्र के विकास पर जोर दे सकती है। 1982 में जिला घोषित हुआ गढ़चिरौली 1982 में महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में चंद्रपुर जिले को विभाजित करके बनाया गया गढ़चिरौली जिला राज्य के क्षेत्रफल का 4.68 प्रतिशत है। इस जिले में 12 तहसीलें हैं जिसमें गढ़चिरौली, आरमोरी, चामोर्शी, मुलचेरी, अहेरी, एट्टापल्ली, भामरागढ़, देसाईगंग, धनोरा, कुखेड़ और कोरची है। इसका 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सा वन क्षेत्र में है। हालांकि यह आदिवासी क्षेत्र भारत के रेड कॉरिडोर का हिस्सा है और पिछले सात दशकों से यहां नक्सली गतिविधियां तेज रही हैं। लेकिन यह खदानों और खनिजों जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र भी है। फडणवीस ने खुद की घोषणा पिछले हफ्ते नागपुर में आयोजित मीडिया से बातचीत के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा, मेरी इच्छा गढ़चिरौली के गार्जियन मिनिस्टर के रूप में कार्यभार संभालने की है। हम गढ़चिरौली को भारत का अगला स्टील हब बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इसमें प्रचुर संसाधनों के



साथ अपार संभावनाएं हैं। देश के लौह और इस्पात का 30 प्रतिशत हिस्सा आदिवासी क्षेत्र में होगा। यह समग्र विकास और रोजगार के द्वार खोलेगा। बीजेपी ने 8 पुराने मंत्रियों को दी कैबिनेट में जगह, 4 को हटाया; मंत्रिमंडल विस्तार से क्या संदेश देना चाहती है महायुति? यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब तीन दलों के नेतृत्व वाली महायुति ने अभी तक राज्य के सभी 36 जिलों के लिए संरक्षक मंत्री नियुक्त नहीं किए हैं। 42 मंत्रियों (फडणवीस और दो उपमुख्यमंत्रियों सहित) और 36 जिलों के साथ, भाजपा, शिवसेना और एनसीपी जिलों के आवंटन को लेकर असमंजस में हैं। पहले अधिकारियों के लिए सजा की जगह मानी जाती थी गढ़चिरौली पहले, गढ़चिरौली को पुलिस अधिकारियों के लिए सजा के तौर पर देखा जाता था। सत्ता में रहने वाली सरकारें भी जिले की जिम्मेदारी उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालों को सौंपती थीं। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी नेता रहे स्वर्गीय आर आर पाटिल ने गढ़चिरौली के संरक्षक मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने का साहसिक निर्णय लिया था। सांगली जिले से ताल्लुक रखने वाले आरआर पाटिल ने 1999 से 2014 के बीच यह जिम्मेदारी संभाली थी। कांग्रेस-एनसीपी शासन के दौरान गृह मंत्री के रूप में आरआर पाटिल ने क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज को आगे बढ़ाया था। फडणवीस के नेतृत्व में महायुति सरकार बेरोजगारी से त्रस्त आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए बड़े निवेश परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की संभावना है। फडणवीस ने कहा, जिले में नक्सलवाद अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। प्रमुख नक्सली संचालकों पर या तो घात लगाकर हमला किया गया है या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। अगले तीन वर्षों में, हमारा इरादा गढ़चिरौली को नक्सल मुक्त बनाने का है। गढ़चिरौली में 50 हजार करोड़ से अधिक का निवेश फडणवीस के अनुसार इस क्षेत्र में पहले ही 50,000 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है और लॉयड मेटल्स, आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन स्टील जैसी कंपनियों ने इस जिले में निवेश किया है। आम तौर पर मुख्यमंत्री किसी जिले के संरक्षक नहीं होते। लेकिन फडणवीस ने पिछली एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में जिस जिले का प्रभार संभाला था, उसे अपने पास रखने की इच्छा जाहिर की है, इसलिए उन्हें अपनी राह मिल सकती है।

# संपादकीय

## टॉयलेट सीट को लेकर बीजेपी ने क्यों किया प्रदर्शन? शीशमहल को लेकर केजरीवाल पर बोला बड़ा हमला

बीजेपी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। बीजेपी दिल्ली में लगातार आम आदमी पार्टी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। इस बीच बीजेपी ने एक बार फिर से शीशमहल का मुद्दा उठाया है। दिल्ली में बने मुख्यमंत्री आवास को बीजेपी शीशमहल कहती रही है। बीजेपी जगह-जगह पोस्टर लगा रही है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने घर में 12 सोने की टॉयलेट सीट लगवाई थी, जिसकी कीमत 1 करोड़ 44 लाख रुपये थी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा, यह गोल्ड प्लेटेड टॉयलेट है। मुख्यमंत्री ने अपने घर में ऐसे 12 टॉयलेट लगवाए हैं। 56 करोड़ रुपये के शीशमहल में 1.44 करोड़ रुपये के टॉयलेट लगवाए हैं। हम लोगों को बता रहे हैं कि वे आपको रेवड़ी देकर वोट लेते हैं और फिर ये करते हैं। हमने यहां शौचालयों की हालत देखी है। हम कह रहे हैं कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम अच्छे शौचालय और बाथरूम बनाएंगे। दिल्ली में रेवड़ी के नाम पर लूट हो रही है। पुजारी और ग्रंथियों के लिए केजरीवाल ने की है घोषणा इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने एक बड़ी स्कीम का ऐलान किया था। बुजुर्गों और महिलाओं को साधने के बाद अरविंद केजरीवाल ने अब पुजारी और ग्रंथियों के लिए एक योजना लॉन्च की। वहीं बीजेपी ने दावा किया कि कोर्ट के डर से केजरीवाल ने इसकी घोषणा की है। दिल्ली में नहीं लागू है संजीवनी या महिला सम्मान स्कीम दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, उन्हें (दिल्ली सरकार



को) अदालत में जवाब देना होगा कि उन्होंने मौलवियों जैसे पुजारियों और ग्रंथियों को भुगतान क्यों नहीं किया। इससे छुटकारा पाने के लिए केजरीवाल ने इस योजना (पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना) की घोषणा की है। जब अअढ को हार दिख रही तो उन्हें राम नाम याद आ रहा है। अअढ सरकार ने मौलवियों को 58 करोड़ 30 लाख 90 हजार रुपये दिए हैं। बता दें कि पुजारियों के लिए घोषणा करते हुए केजरीवाल ने कहा था, ह्मैं एक योजना के संबंध में एक अहम घोषणा कर रहा हूं। पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना के तहत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों को सम्मान राशि देने का प्रावधान है। उन्हें लगभग 18,000 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। यह देश में पहली बार हो रहा है। पुजारी एक ऐसा वर्ग है, जिसने पीढ़ी दर पीढ़ी कर्मकांड को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कभी अपने परिवार पर ध्यान नहीं दिया और हमने कभी उन पर ध्यान नहीं दिया।

## आस्था...

### सोना पहनने से इन 3 राशियों के लोगों को होता है नुकसान...

वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रहों का संबंध रत्नों के साथ- साथ धातु से भी माना जाता है। जैसे- लोहे का संबंध शनि देव से माना गया है। ऐसे ही सोने का संबंध गुरु बृहस्पति से माना गया है। सोना जिसे एक कीमती धातु कहा जाता है और इसे पहनने के कई फायदे होते हैं। वहीं कुंडली में अगर गुरु ग्रह कमजोर होते हैं। तो सोना धारण करने से शरीर में ऊर्जा बढ़ती है और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। लेकिन अगर गुरु कुंडली में नीच के विराजमान हो तो सोना पहनने से नुकसान हो सकता है। साथ ही आपके सोने के आभुषण चोरी हो सकती हैं या गिर सकते हैं। वहीं यहां हम ऐसी 3 राशियों के बारे में बताने जा रहे हैं, 10 साल बाद बनेंगे गजकेसरी और मालव्य राजयोग, इन राशियों को आकस्मिक धनलाभ के साथ भाग्योदय के प्रबल योगकुंभ राशि कुंभ वालों के लिए भी सोना पहनना शुभ नहीं माना जाता है। सोना पहनने से इनको पारिवारिक जीवन में समस्याओं झेलनी पड़ सकती हैं। साथ ही सोना पहनने पर इनको करियर क्षेत्र में भी दिक्कते आ सकती हैं, साथ ही किसी कारोबार में भी हानि हो सकती है। वहीं आप बीमार पड़ सकते हैं। साथ ही सोना आपका चोरी हो सकता है सोने की वस्तु गिर सकती है। 2025 में गुरु बृहस्पति होंगे उदय, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन, अपार पैसा और पद-प्रतिष्ठा मिलने के योग मकर राशि मकर राशि के लोगों के लिए भी सोना पहनने शुभ नहीं माना जाता है। सोना पहनने से आपको सेहत को लेकर परेशानी हो सकती है और कई तरह के नकारात्मक बदलाव इनके जीवन में आ सकते हैं। वहीं आप लोगों को पेट और स्किन की परेशाना हो सकती है। साथ ही करियर में सफल होने में समस्या आदि का सामना करना पड़ सकता है। 1 जनवरी से चमक सकती है इन राशियों की किस्मत, मंगल और चंद्रमा बनाएंगे धनयोग वृष राशि आप लोगों के लिए सोना पहनना हानिकारक साबित हो सकता है। सोना धारण करने से आपको कामकाज में तरक्की रुक सकती है, सेहत खराब रह सकती है, करियर में सफल होने में समस्या आदि का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही सोना चोरी हो सकता है या फिर खो सकता है। वहीं सोना पहनने से आपको धन संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

मेष: प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे। किसी भी चीज को अंतिम रूप देने से पहले अपने परिवार की राय लीजिए। महज आपका अपना फैसला कुछ दिक़्क़त खड़ी कर सकता है। बेहतर परिणाम पाने के लिए परिवार में तालमेल पैदा करें। आज रोमांस आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर आप करिअर में नए दरवाजे खोल सकते हैं। अपने क्षेत्र में आपको अपार सफलता मिलने की संभावना भी है।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

वृषभ: आज खेल-कूद में हिस्सा लेने की जरूरत है, क्योंकि चिर यौवन का रहस्य यही है। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-खासा फायदा हासिल कर सकते हैं। पढ़ाई की कीमत पर घर से ज्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता-पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना-कूदना। इसलिए माता-पिता को खुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना जरूरी है। आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है। अगर आप अपने काम पर ध्यान दें तो कामयाबी और प्रतिष्ठा आपकी होगी।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

मिथुन: आप आज ऊर्जा से भरपूर होंगे और कुछ असाधारण करेंगे। केवल एक दिन को नजर में रखकर जीने की अपनी आदत पर काबू करें और जरूरत से ज्यादा वक़्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें। दफ़्तर के कामकाज में ज्यादा व्यस्तता के चलते अपने जीवनसाथी के साथ आपका रिश्ता तनावपूर्ण हो सकता है। आज हो सकता है कि पहली नजर में ही आपको कोई पसंद कर ले। आज के दिन आप सबके ध्यान का केंद्र होंगे और सफलता आपकी पहुँच में होगी। इस राशि के लोगों को आज अपने आप को समझने की जरुरत है।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

कर्क: आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी, जिसके चलते आप सफलता की ओर तेजी-से बढ़ेंगे। ऐसी हर चीज से परहेज करें, जिससे आपकी शक्ति नष्ट न हो। बोलते समय और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की जरूरत है। अपने प्रिय की ईमानदारी पर शक न करें। आपकी कामयाबी में महिलाएँ अहम किरदार अदा करेंगी, चाहे आप किसी भी क्षेत्र में क्यों न हों। अपने शरीर को दुरुस्त करने के लिए आज भी आप कई बार सोचेंगे लेकिन बाकी दिनों की तरह भी आज यह प्लान धरा का धरा रह जाएगा।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

सिंह: अच्छी सेहत के लिए दूर तक पैदल घूमें। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। ऐसा दिन है जब काम का दबाव कम रहेगा और आप परिवार के साथ समय बिताने का मजा ले पाएंगे। विवाह-प्रस्ताव के लिए सही समय है, क्योंकि आपका प्यार जीवन भर के साथ में बदल सकता है। वरिष्ठ सहकर्मी और रिश्तेदार मदद का हाथ बढाएंगे। खाली वक्त का सही इस्तेमाल करना आपको सीखना ही होगा नहीं तो जीवन में आप कई लोगों से पीछे रह जाएंगे।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

कन्या: आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। आज आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है इसलिए जितना हो सके इनका ध्यान रखें। रिश्तेदारों से अचानक तोहफा मिल सकता है, लेकिन पूरी संभावना है कि वे इसके बदले में आपसे कुछ चाहते हों। कोई आपको प्यार से दूर नहीं कर सकता है। दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है, जिसे आप हमेशा से करना चाहते थे। जो लोग अब तक किसी काम में व्यस्त थे आज उन्हें अपने लिए समय मिल सकता है लेकिन घर में किसी काम के आ जाने से आप फिर से व्यस्त हो सकते हैं।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

तुला: आज आपके पास प्रचुर ऊर्जा होगी- लेकिन काम का बोझ आपकी खीज की वजह बन सकता है। आप घूमने-फिरने और पैसे खर्च करने के मूड में होंगे- लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछ्ताना पड़ सकता है। नवजात शिशु की खराब तबियत परेशानी का सबब बन सकती है। इस ओर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। डॉक्टर से भली-भांति सलाह लें, क्योंकि जरा-सी लापरवाही बीमारी को बद से बदतर बना सकती है। अपने प्रिय को आज निराश न करें- क्योंकि ऐसा करने की वजह से बाद में आपको पछ्ताना पड़ सकता है। आपके लिए आज बहुत सक्रिय और लोगों से मेल-जोल भरा दिन रहेगा।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

वृश्चिक: मानसिक तौर पर आप स्थिर महसूस नहीं करेंगे- इसलिए इस बात का खयाल रखें कि दूसरों के सामने आप कैसे बर्ताव करते और बोलते हैं। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। जीवनसाथी और बच्चों से अतिरिक्त स्नेह और सहयोग मिलेगा। आपकी शोहरत बढ़ेगी और आप आसानी से दूसरे लिंग के लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे। दफ़्तर में आपको पता लग सकता है कि जिसे आप अपना दुश्मन समझते थे, वह दरअस्ल आपका शुभचिंतक है।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

धनु: खुद को सेहतमंद और दुरुस्त रखने के लिए वसायुक्त और तली-भुनी चीजों से दूर रहें। आपके भाई-बहनों में से कोई आज आपसे पैसे उधार मांग सकता है, आप उनको पैसे उधार तो दे देंगे लेकिन इससे आपके आर्थिक हालात खराब हो सकते हैं। बच्चे भविष्य की योजनाएँ बनाने की अपेक्षा घर के बाहर ज्यादा समय बिताकर आपको निराश कर सकते हैं। कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी। वरिष्ठ सहकर्मी और रिश्तेदार मदद का हाथ बढाएंगे।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

मकर: आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। आज आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है इसलिए जितना हो सके इनका ध्यान रखें। रिश्तेदारों से अचानक तोहफा मिल सकता है, लेकिन पूरी संभावना है कि वे इसके बदले में आपसे कुछ चाहते हों। कोई आपको प्यार से दूर नहीं कर सकता है। दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है, जिसे आप हमेशा से करना चाहते थे। जो लोग अब तक किसी काम में व्यस्त थे आज उन्हें अपने लिए समय मिल सकता है लेकिन घर में किसी काम के आ जाने से आप फिर से व्यस्त हो सकते हैं।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

कुंभ: अगर आप पिछले कुछ वक़्त से झुंझलाहट महसस कर रहें हैं तो आपको याद रखना चाहिए कि सही कर्म और विचार आज आपके लिए बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आएंगे। अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं तो ऐसे लोगों से दूर रहना सीखें जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों को न भूलें। अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें। जो आपकी सफलता के आड़े आ रहे थे, वे आपकी आँखों के सामने ही नीचे को खिसकेंगे। दूसरों को राजी करने की आपकी प्रतिभा आपको काफी फायदा पहुँचाएगी।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

मीन: जब सेहत से जुड़ा मामला हो तो खुद को अनदेखा नहीं करना चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए। व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है। परिवार में किसी सदस्य की खराब सेहत की वजह से घूमने का कार्यक्रम टल सकता है। यात्रा के चलते रुमानी संबंध को बढ़ावा मिलेगा। आज फायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली-भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ। आपने बीते दिनों कार्यक्षेत्र में कई काम अधूरे छोड़े हैं जिसका भुगतान आज आपको करना पड़ सकता है।

# राम चरण और कियारा आडवाणी की गेम चेंजर का ट्रेलर कल होगा रिलीज



ग्लोबल स्टार राम चरण ने दूरदर्शी फिल्म निर्माता शंकर के साथ मिलकर बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय प्रोजेक्ट गेम चेंजर बनाया है, जो 10 जनवरी को दुनिया भर में रिलीज होने वाला है। हाल ही में निर्माताओं ने डलास में एक भव्य प्री-रिलीज़ इवेंट आयोजित किया, जो एक बड़ी सफलता थी। यह यूएसए में आयोजित किसी भारतीय फिल्म के लिए पहला प्री-रिलीज़ इवेंट था। अब, गेम चेंजर ने एक और रिकॉर्ड बनाया है। विजयवाड़ा के बृंदावन कॉलोनी के वज्र ग्राउंड में आज हज़ारों मेगा प्रशंसकों की मौजूदगी में राम चरण का 256 फ़ीट ऊंचा कटआउट लगाया गया। इस कार्यक्रम में फ़िल्म के निर्माता दिल राजू मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस सबसे ऊंचे कटआउट ने इंटरनेशनल वंडर बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में भी जगह बनाई ।कार्यक्रम में बोलते हुए दिल राजू ने कहा, मेरे फोन पर ट्रेलर है। लेकिन आप तक पहुंचने से पहले हमें इस पर बहुत काम करना होगा। आजकल ट्रेलर ही फिल्म की किस्मत तय करता है। आपको 1 जनवरी को नए साल के मौके पर ट्रेलर देखने को मिलेगा। विजयवाड़ा तेलुगु सिनेमा का गृहनगर है। मैं पूरे शहर, मेगा प्रशंसकों, पावर स्टार प्रशंसकों और मेगा पावर स्टार प्रशंसकों को राम चरण के लिए 256 फीट का कटआउट लगाकर एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा, 40-50 साल पहले सुप्रीम हीरो के तौर पर अपना करियर शुरू करने के बाद वे मेगा स्टार बनकर उभरे। अब वे एकमात्र बॉस बन गए हैं...मेगा बॉस। वे अपनी कड़ी मेहनत से मेगा स्टार बने और हमें पावर स्टार, मेगा पावर स्टार, बनी, साई धर्म तेज और वरुण तेज भी दिए। आप पिछले 40-50 सालों से उनका समर्थन करते आ रहे हैं। चरण के लिए 256 फीट का यह विशाल कटआउट बनाकर एक बार फिर अपना समर्थन दिखाने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। दिल राजू ने कहा कि पावर स्टार पवन कल्याण की नियुक्ति के अनुसार गेम चेंजर का प्री-रिलीज़ इवेंट 4 या 5 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने अमेरिका में एक इवेंट किया था, और यह एक बड़ी सफलता थी। इस तरह के सफल इवेंट के बाद, हम एक बड़ा इवेंट बनाना चाहते थे क्योंकि हमारे डिप्टी सीएम पवन कल्याण इसमें शामिल होंगे। पवन कल्याण के समय देने के बाद इवेंट की तारीख तय की जाएगी। यह एक ऐतिहासिक इवेंट होना चाहिए। फिल्म के बारे में चिरंजीवी की प्रतिक्रिया के बारे में बताते हुए दिल राजू ने कहा, मैंने आज दोपहर 1 बजे चिरंजीवी को फोन किया और उन्हें इसे देखने के लिए कहा। उन्होंने इसे दोपहर 2:45 बजे देखना शुरू किया। मैं उनकी राय को लेकर तनाव में था। जैसे ही मैं इस स्थान पर पहुंचा, मुझे उनका फोन आया। उन्होंने मुझसे आप सभी को यह बताने के लिए कहा कि हम इस संक्रांति पर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने जा रहे हैं। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि 10 जनवरी को आप मेगा पावर स्टार का मेगा और पावर वाला पक्ष देखेंगे।







## 2024 में मलयालम सिनेमा को लगा 700 करोड़ रुपये का चूना


साल 2024 में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आई कई फिल्मों ने लोगों का काफी एंटरटेन किया है. अलग-अलग भाषाओं में तमाम फिल्मों ने मेकर्स को अछा फायदा करवाया है. बॉलीवुड इंडस्ट्री में फाइटर, भूल भुलैया 3, स्त्री 2 तो साउथ इंडस्ट्री में कल्कि 2898 एडी, पुष्पा 2 जैसी फिल्मों ने जमकर कमाई की है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के लिए साल 2024 अछा नहीं रहा है. केरल फिल्म प्रोड्यूसर एसोसिएशन ने बताया है कि मलयालम सिनेमा को साल 2024 में 700 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. मलायलम सिनेमा ने करीब 200 फिल्में बनाई जिनमें कुछ ही मूवीज को बॉक्स ऑफिस पर सफलता मिली है.साल 2024 में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की आवेशम, मंजुमेल बॉयज जैसी कुछ फिल्में सफल रही है. केरल फिल्म प्रोड्यूसर एसोसिएशन ने एक बयान में बताया कि इंडस्ट्री में 199 मूवीज बनाई गई, जिसमें सिर्फ 26 फिल्में ही सफल हुई है. इन फिल्मों के प्रोडक्शन की कुल लगात 1000 करोड़ रुपये थी लेकिन रिटर्न सिर्फ 300 करोड़ रुपये ही मिला. मेकर्स का मानना है कि करीब 700 करोड़ रुपये की वसूली ना हो पाने की वजह प्रोडक्शन कास्ट का बढ़ जाना है. खासतौर पर एक्टर्स की सैलरी बढ़ जाना. मंजुमेल बॉयज, आवेशम, प्रेमलु, आदुजीविथम और एआरएम ने 100 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री की थी. सिर्फ मंजुमेल बॉयज ने 242 करोड़ रुपये कमाए. कुछ और फिल्मों ने 50 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री साल 2024 में कई फिल्म री-रिलीज हुई हैं, जिनमें कुछ ही सफल रहीं. वहीं, मोहनलाल की डायरेक्शन डेब्यू वाली फिल्म बैरोज भी फ्लॉप रहीं. केरल फिल्म प्रोड्यूसर एसोसिएशन ने ऑडियंस को थिएटर में लाने की जरूरत पर जोर दिया। अगर साल 2024 के रिस्पॉन्स को देखा जाए तो ऑडियंस स्टारकास्ट के लिए नहीं कंटेंट के लिए थिएटर आएंगी. ऑडियंस ने कंटेंट बेस्ड फिल्मों के पसंद किया।



## बेटी पलक तिवारी के इब्राहिम अली के साथ अफेयर का श्वेता तिवारी ने बताया सच

**अफवाहों से परेशान नहीं होती हैं श्वेता तिवारी**

पॉपुलर एक्ट्रेस और बिग बॉस 4 की विनर रहीं श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी शोबिज इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और उनकी अपनी मां की तरह जबरदस्त फैन फॉलोइंग है. उनके वीडियोज और फोटोज आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं. पलक तिवारी अक्सर चर्चा में रहती हैं और वहीं उनके सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ अफेयर की अफवाहें आती रहती हैं. अब श्वेता तिवारी ने बेटी के रिलेशनशिप स्टेटस पर खुलकर बात की है. इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि इस तरह की अफवाहों से उन्हें कुछ फर्क नहीं पड़ता है.श्वेता तिवारी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी बेटी पलक तिवारी की डेटिंग रूमर्स पर बात की है. बेटी की की डेटिंग की अफवाहों पर परेशान होने के सवाल पर श्वेता तिवारी ने कहा, अफवाहें मुझे परेशान नहीं करती हैं, मुझे अहसास हो गया है कि लोगों की मेमोरी सिर्फ 4 घंटे होती है. उसके बाद लोग चीजों को भूल जाते हैं तो मैं परेशान क्यों रहूं? हर अफवाह के मुताबिक, मेरी बेटी हर तीसरे शख्स को डेट कर रही है और मैं हर साल शादी कर रही हूं. मैंने पहले से ही तीन शादी कर रखी हैं. अब ये चीजें मुझपर असर नहीं डालती हैं. जब सोशल मीडिया नहीं तो कुछ जर्नलिस्ट ने कभी किसी के बारे में अछा नहीं लिखा. एक्टर्स के बारे में सिर्फ निगेटिविटी लिखी जाती थी. उस दौर को डील करने के बाद मुझे आज की अफवाहों से कोई फर्क नहीं पड़ता है.श्वेता तिवारी ने बेटी पलक तिवारी के द्वारा ट्रोलर्स से डील करने के सवाल पर कहा, एक्ट्रेस की बेटी होने के कारण उन्होंने हमेशा मुझे दखा है कि मैं अफवाहों से कैसे डील करती हूं. वह जब बड़ी हो रही थी तब मेरे पर भी काफी चीजें लिखी गई लेकिन मैंने उन्हें डील किया. अब वह जानता हैं कि हर ट्रोलर्स के साथ कैसे डील करना है और वो समझदारी से इनसे बाहर आती है. कभी-कभी वह ऐसी चीजों को अलग तरह से डील करती है, जिनसे मैं सीखती हूं।



## शाहरुख खान की फिल्म किंग छोड़ने के बाद सुजॉय घोष शाहिद कपूर के साथ काम करेंगे

सुजॉय घोष ने कथित तौर पर शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंग के निर्देशक के रूप में पद छोड़ दिया है, जिसमें सुहाना खान भी प्रमुख भूमिका में हैं। इस बीच, सुजॉय के शाहिद कपूर के साथ आगामी थ्रिलर के लिए सहयोग करने की अफवाहें सामने आई हैं, और अब शाहिद की टीम ने इस खबर पर प्रतिक्रिया दी है। मिड-डे के अनुसार, एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि शाहिद को स्क्रिप्ट में दिलचस्पी थी, लेकिन समय सही नहीं था। अब, शाहिद और सुजॉय घोष दोनों ही इस प्रोजेक्ट को जीवंत करने के लिए अपने शेड्यूल को संरेखित करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। अगर चीजें ठीक रहीं, तो यह अभिनेता और निर्देशक की पहली ऑन-स्क्रीन सह-कलाकार होगी। इस बीच, शाहरुख की किंग का निर्देशन अब उनके पठान निर्देशक सिद्धार्थ आनंद करेंगे। पिंकविला के अनुसार, शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद हिंदी सिनेमा के सबसे बड़े संयोजनों में से एक हैं, और किंग में फिर से साथ आने के लिए तैयार हैं। इस एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म की तैयारी पिछले 6 महीनों से चल रही है, क्योंकि सिद्धार्थ आनंद और उनकी टीम ने दुनिया भर में कई दौर की रेकी की है और अंतरराष्टीय स्तर के स्टंट निर्देशकों के साथ पाथ-ब्रेकिंग एक्शन सीक्वेंस भी तैयार किए हैं। किंग मार्च 2025 में फ्लोर पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है...फिल्म को सुजॉय घोष ने सिद्धार्थ आनंद, सुरेश नायर और सागर पांड्या के साथ लिखा है। शाहिद के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अगली बार पूजा हेगड़े के साथ देवा में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



## एक्टर्स को रातों-रात शो से निकालने पर राजन शाही ने तोड़ी चुप्पी

टीवी सीरियल अनुपमा और ये रिश्ता क्या कहलाता है जैसे हिट सीरियल के प्रोड्यूसर राजन शाही बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में हैं. राजन शाही के शो से रातों रात कई स्टार्स को निकाला गया है. हाल ही में अनुपमा से अलीशा परवीन को बाहर का रास्ता दिखाया गया है और उनकी जगह अद्रिजा रॉय ने एंट्री ली है. इसी तरह ये रिश्ता क्या कहलाता है से शहजादा धामी और प्रतीक्षा होनमुखे को निकाला गया था, जिस वजह से शो के मेकर्स काफी ट्रोल हुए. अब राजन शाही ने पहली बार सामने आकर एक्टर्स को शो से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ी है. राजन शाही  ने टेली चक्कर को एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने शो से अनुपमा  एक्ट्रेस अलीशा परवीन, शहजादा धामी और प्रतीक्षा होनमुखे को निकालने पर चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने इन तीनों एक्टर्स का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने सीधे तौर पर इनके काम की बात की है. राजन शाही ने कहा, %मैंने दो एक्टर्स को खड़े खड़े शो से बाहर निकाला है, जो शो में मैन लीड थे. तीन महीने इवेस्ट किया. लड़की को ग्रूम किया. वो सब बहुत मीडिया में भी आ चुका था, लेकिन मैं शांत रहा. अगर तुम मेरे हेयर ड्रेसर का अपमान करोगे. तुम स्पॉट दादा, मेकअप मैन यहां तक कि अगर एसोसिएट डायरेक्टर का भी अपमान करोगे तो निकल जाओ मेरे शो से. ये सब चैनल को भी हमेशा से पता है. अभी हाल ही में मैने अनुपमा शो से एक एक्टर को बाहर निकाला है. मैं उस बारे में ज्यादा बोल नहीं रहा. मैंने गरीमा बनाकर रखी है.

### अलीशा परवीन ने दी लीगल एक्शन की धमकी

बता दें कि अलीशा परवीन को मेकर्स ने रातों-रात अनुपमा शो से बाहर निकाल दिया है. वह चंद महीने ही शो में अनुपमा की बेटी राही का रोल निभाती दिखी हैं. अलीशा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्हें भी नहीं पता है कि वह शो से क्यों निकाली गई हैं. हालांकि, अलीशा परवीन ने अपने एक इंटरव्यू में मेकर्स के खिलाफ लीगल एक्शन लेने का दावा किया था।

## अनन्या पांडे 2025 में सकारात्मकता और अच्छी वाइब्स के साथ प्रवेश करेंगी



अभिनेत्री अनन्या पांडे 2024 में मिले अवसरों के लिए बेहद आभारी हैं, और अब वह सकारात्मकता और अछी वाइब्स के साथ नए साल की शुरुआत करने का इंतजार नहीं कर सकती हैं। जैसे-जैसे 2025 करीब आ रहा है, अनन्या ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर इस साल के अपने यादगार पलों को दिखाते हुए एक रिकैप वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उनके हिट प्रोजेक्ट कॉल मी बे और ष्टञ्जक्रु के दृश्य हैं। इसमें दिवंगत फैशन डिजाइनर रोहित बल के आखिरी शो के लिए उनके रैंप वॉक के क्लिप भी हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, यह कैसा साल रहा, सभी अवसरों, लोगों, यादों और प्यार के लिए इससे अधिक आभारी कुछ नहीं हो सकता, 2025 में सभी सकारात्मकता और अछे वाइब्स के साथ रिचार्ज होकर चलो चलें।2024 अनन्या के लिए एक बेहतरीन साल साबित हुआ। उनकी वेब सीरीज कॉल मी बे और ओटीटी फिल्म ष्टञ्जक्रु ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते हुए बहुत अछा प्रदर्शन किया।  एक साक्षात्कार में, अनन्या की मां भावना पांडे ने अनन्या की कड़ी मेहनत की सराहना करने के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया क्योंकि उन्होंने बैक-टू-बैक सफल प्रोजेक्ट दिए। अपनी बेटी की नई सफलता के बारे में खुलते हुए, भावना को लगता है कि अनन्या का एक नेपो किड से एक अभिनेता के रूप में देखा जाने वाला उदय, जो एक चरित्र को जीवन देने में सक्षम है, उनके भीतर मौजूद मंत्र के कारण है। (मैं) बहुत आभारी हूं। मुझे पता है कि उसने कड़ी मेहनत की है और हर कोई करता है। उसने कड़ी मेहनत की है। लेकिन विचार यह है कि अपना सिर नीचे रखें और कड़ी मेहनत करें और महत्वपूर्ण, आवश्यक आलोचना को अपने कदमों में लें और और भी अधिक मेहनत करें। और बाकी शोर है, उसने कहा। आने वाले महीनों में, अनन्या लक्ष्य के साथ चांद मेरा दिल नामक एक नए रोमांटिक ड्रामा में स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी।

## जीना है मुझे

मंजिल है साफ पर रास्ता लंबा है ,
अब जैसे भी हालात हो डटकर मुझे खड़े रहना है ,

ऊंचाई को छुने की चाह में जागती हु में ,
अपने जीवन का दुर्शाशन और कर्ण हु में,

अर्जुन भी में हु श्री कृष्ण भी में हु,
रोज खुदसे एक युद्ध खेल सो जाति हु में,

गिरकर संभालना आता है मुझे,
इस निस्वार्थ स्वार्थी जीवन में कोई चले या ना चले अकेले चलना आता है मुझे ,

बेशक से अपने नाखून ना रंगू में , लेकिन अपने जीवन को रंगना आता है मुझे,

पेरो में काटे सिर पर घूंघट ओढ़े बड़ना है मुझे ,
खुडसे लड़कर खुद्से जीतकर आगे हर सीडी चढ़ना है मुझे,

हारना नही है अब कहना है खुदसे ,
बड़ना है अब आगे बिना पीछे मुड़े ,

सुधार के सारी कमियां आबाद होना है मुझे ,
आनंद और हिम्मत से जीना है मुझे।




आरती पंचाल
नई दिल्ली

# नववर्ष पर महातपस्वी महाश्रमण के श्रीमुख के महामंगलपाठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## डोलिया जैन तीर्थ में उमड़ आया सम्पूर्ण भारत, शांतिदूत ने किया 13 कि.मी. का विहार

- अपने आराध्य का दर्शन पा जन–जन हुआ आह्लादित
- नववर्ष पर पच्चीस बोल कंठस्थ व प्रेक्षाध्यान करने का आचार्यश्री ने कराया संकल्प
- सम्यक पुरुषार्थ से वर्ष 2025 को सफलतम बनाने का हो प्रयास : युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण
- साध्वीप्रमुखाजी, मुख्यमुनिश्री और साध्वीवयार्जी ने भी जनता को किया संबोधित



♦भारत टाइम्स♦

**डोलिया, सुरेन्द्रनगर (गुजरात)।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें देदीप्यमान महासूर्य, मानवता के मसीहा, महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमण अंग्रेजी नववर्ष 2025 का बृहद् महामंगलपाठ का श्रवण करने के लिए गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में मानों पूरा राष्ट्र उमड़ पड़ा। पूर्व निर्धारित समयानुसार 11.21 बजे शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी ने महामंगलपाठ का उच्चारण प्रारम्भ किया तो समुपस्थित जनता अपने स्थान पर करबद्ध खड़ी थी तो आदिनाथ चैनल तथा यूट्यूब के तेरापंथ चैनल पर देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से सीधा प्रसारण देखने वाले श्रद्धालु भी मानों इस सुअवसर का पूर्ण लाभ प्राप्त कर रहे थे। गूंजती आर्षवाणी से मानों पूरा वातावरण पावन बन रहा था और जन-जन का मन इस आध्यात्मिक माहौल में आध्यात्मिक शुभारम्भ का साक्षी बन रहा था। आचार्यश्री ने नववर्ष पर मंगलपाठ प्रदान करने के साथ ही जनता को विशेष प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि वर्ष भर के लिए अपने मन से कोई आध्यात्मिक संकल्प लेने का प्रयास करना चाहिए। आचार्यश्री ने सुझाव देते हुए कहा कि पच्चीस बोल को इस वर्ष में पक्का कंठस्थ करने का संकल्प लिया जा सकता है। इसके अर्थ को समझने के लिए आचार्यश्री महाप्रज्ञजी की पुस्तक जीव-अजीव को पढ़ने का प्रयास किया जा सकता है। दूसरा विकल्प है कि प्रेक्षाध्यान कल्याण वर्ष के संदर्भ में प्रतिदिन तीन मिनट तक प्रेक्षाध्यान करने का संकल्प भी लिया जा सकता है। आचार्यश्री ने संकल्पों के अनुसार त्याग भी कराया। श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के प्रति त्रिपदी वंदना की। इसके पूर्व सूर्योदय के कुछ समय पश्चात शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी ने सायला से गतिमान हुए तो काफी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य के श्रीचरणों का अनुगमन करने लगे। गुजरात के इस सौराष्ट्र भाग में मानों आज पूरा भारत उमड़ आया था। गुजरात व उसके आसपास के श्रद्धालु ही नहीं, देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु इस नववर्ष का मंगलपाठ श्रवण करने हेतु पहुंचे हुए थे। लगभग तेरह किलोमीटर का विहार कर आचार्यश्री डोलिया में स्थित डोलिया जैन तीर्थ में पधारे। मुख्य प्रवचन कार्यक्रम में आचार्यश्री के पदार्पण से पूर्व साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी ने समुपस्थित जनमेदिनी को उद्बोधित किया। तदुपरान्त आचार्यश्री मंचासीन हुए और निर्धारित समय पर जनता को नववर्ष के संदर्भ में बृहद महामंगलपाठ प्रदान करते हुए नववर्ष पर पच्चीस बोल कंठस्थ करने, उसका अर्थ जानने, जीव-अजीव पुस्तक के स्वाध्याय के साथ प्रतिदिन कुछ समय प्रेक्षाध्यान का प्रयोग करने की भी प्रेरणा प्रदान की। तदुपरान्त युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने जनता को पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि आदमी को क्षण को जानने व उसका मूल्यांकन करने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को समय का मूल्यांकन करने का प्रयास करना चाहिए। जो कभी भविष्य होता है, वह कभी वर्तमान हो जाता है और वर्तमान अतीत के गर्त में समाहित हो जाता है। सन् 2024 एक वर्ष तक वर्तमान में रहा और अब एक जनवरी 2025 वर्तमान है और 2024 अतीत के गर्त में जा चुका है। अनागत वर्तमान से होते हुए अतीत में चला जाता है। अतीत भी अनंत और अनागत भी अनंत है। वर्तमान बहुत थोड़ा होता है। जितना संभव हो सके, आदमी को उसका सदुपयोग करना चाहिए। समय एक ऐसा धन है, जो सभी को समान रूप से प्राप्त होता है। उस समय को आदमी अपने गले का हार बना ले। प्राप्त समय का सदुपयोग हो जाए तो वह गले का हार बन सकता है। योजनाबद्ध रूप में समय का उपयोग हो तो जीवन में कुछ उपलब्धि हो सकती है। सन् 2025 सम्यक पुरुषार्थ से सफलतम बने, ऐसा प्रयास होना चाहिए। मंगल प्रवचन के उपरान्त आचार्यश्री ने समुपस्थित जनता को कुछ समय तक प्रेक्षाध्यान का प्रयोग भी कराया। इस अवसर पर मुख्यमुनिश्री महावीरकुमारजी, साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी ने भी जनता को उद्बोधित किया। जैन विश्व भारती द्वारा नववर्ष का कैलेण्डर पूज्यप्रवर के समक्ष लोकार्पित किया। खान्देश सभा के वर्ष 2025 के कैलेण्डर का लोकार्पण किया गया।

# इक्कतीस कर्मचारियों को दी गई सेवानिवृत्ति की विदाई

- इसी कारण आज जो कर्मचारी सेवानिर्वृत हो रहे है उनके चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक देखी जा सकती है, यह वो चमक है जिसके लिए बहुत से लोग जीवनपर्यन्त प्रयास करते हैं फिर भी नहीं पाते हैं । आप सभी को यैसे ही चमकते रहना है और स्वस्थ रहने के लिए रूचि अनुसार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपना समय लगाये ऐसी मेरी कामना है।

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** 01 जनवरी,2025; मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव अध्यक्षता में मंडल कार्यालय वाराणसी के भारतेंदु सभागार कक्ष में 31 दिसम्बर,2024 को आयोजित सादे समारोह में वर्ष के अंतिम महीने 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले 31 कर्मचारियों को उनके समापक धनराशि कुल आठ करोड़ तिरानबे लाख चौरासी हजार तीन सौ सत्तावन रुपए (रु 8,93,84,357) का भुगतान किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल,वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी श्री वीरेंद्र यादव समेत लेखा एवं कार्मिक विभाग के निरीक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए उनके स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना के साथ आश्वासन दिया की वे अपने को रेल से अलग नहीं समझे और किसी भी समस्या के समाधान हेतु शाखा अधिकारियों अथवा मंडल रेल प्रबंधक से कभी भी सहयोग ले सकते हैं । उन्होंने कहा कि रेलवे की सबसे बड़ी ताकत उसके कर्मचारी हैं रेलवे कितने ही बड़े इंफ्रास्ट्रक्रर खड़े कर ले कितने ही कीमती बड़ी मशीनरी खरीद ले लेकिन उससे भी बड़ी ताकत रेलवे कर्मचारी है जिनके रिटायर होने पर रेलवे को अपूर्णीय क्षति होती है । उन्होंने के कहा रेलवे की नौकरी समय के साथ इतनी जटिल हो गयी है की साफ-सुथरे रिकार्ड के साथ सेवानिर्वित्त होना भी अपने आप में एक पुरष्कार के समान है जो अन्य सभी सम्मान अथवा पुरष्कारों से कहीं बढ़कर है। इसी कारण आज जो कर्मचारी सेवानिर्वृत हो रहे है उनके चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक देखी जा सकती है, यह वो चमक है जिसके लिए बहुत से लोग जीवनपर्यन्त प्रयास करते हैं फिर भी नहीं पाते हैं । आप सभी को यैसे ही चमकते रहना है और स्वस्थ रहने के लिए रूचि अनुसार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपना समय लगाये ऐसी मेरी कामना है। वाराणसी मंडल विगत वर्षो से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को उनके सभी प्रकार के देयों का सम्पूर्ण भुगतान उनके सेवानिवृति के दिन ही किया जा रहा है,यह लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परस्पर सामंजस्य एवं कठिन परिश्रम के फलस्वरूप संभव हो पा रहा है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों को सेवा मेडल प्रदान कर अग्रिम जीवन हेतु शुभकामनाएं दी और उनकी लम्बी एवं उल्लेखनीय सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल ने सभी सेवानिवृत्त होने कर्मचारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए सेवानिवृत कर्मचारियों को आई कार्ड ,सेवा प्रमाण पत्र एवं पीपीओ सम्बन्धी सभी दस्तावेजों के विषय में विस्तार से बताया और उनको समझाया कि वे अपनी प्राप्तियों का बहुत सोच समझ कर उपयोग करें किसी व्यक्ति या संस्था के बहकावे अथवा भावनाओं में बह कर इसे अनुचित व्यक्ति को नहीं देंगे। उन्होंने बताया बहुत से लोग ऐसे अवसरों के तलाश में रहते हैं और तरह तरह के प्रलोभन देकर धन फंसा देते है । सतर्क रहें यह आपके जीवन की पूंजी है बहुत आवश्यक हो तभी खर्च करें यथा संभव अपनी प्राप्तियों को सुरक्षित रखने का प्रयास करें। 31 दिसम्बर,2024 को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में सर्व श्री धेंश्यम राव /वरिष्ठ वाणिज्य लिपिक, इन्द्रजीत यादव /सफाई वाला,मदन/सफाई वला, शीतल प्रसाद/गार्ड गोरखपुर पूर्व,श्री प्रदीप कुमार सिंह/स्टेशन अधीक्षक/प्रयागराज रामबाग,श्री राम कुमार/स्टेशन अधीक्षक/ पड़रौना,विजय कुमार सिंह/ कांटावाला,राम नगीना यादव/ कांटावाला,प्रभावती देवी/ कांटावाला, बिस्मिला/ कांटावाला,वशिष्ठ यादव/ कांटावाला, सुरेश राम/ कांटावाला,रमाकांत यादव/ चौकीदार,केदारनाथ यादव/ कांटावाला,मनमती देवी/वरिष्ठ तकनीशियन /छपरा,वीरेंद्र प्रसाद/ क्रेन चालक/छपरा,प्रेम चन्द/वरी तकनीशियन/वाराणसी,लाल बहादुर यादव/हेल्पर/ बनारस,मो गुलाम दस्तगीर/ एमसीएम/ गाड़ी प्रकाश आदि कर्मचारी शामिल थे।




# वाराणसी मंडल में दिव्यांगजन रेल रियायत कार्ड अब ऑनलाइन उपलब्ध

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** जनवरी2025;वाराणसी मंडल सेवित क्षेत्र के सभी दिव्यांगजन को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल द्वारा दिव्यांगजन रेल रियायत कार्ड ऑन लाइन कर दिया गया है। इसके पूर्व वाराणसी मंडल द्वारा ऑफ लाइन के माध्यम से दिव्यांगजन हेतु रेल रियायत कार्ड जारी किये जा रहे थे जिसे दिनांक 01.01.2025 से इस रेलवे द्वारा पूर्ण रूप से ऑन लाइन कर लिया गया है। अतः किसी भी दिव्यांगजन को मंडल रेल प्रबंधक, पू.उ.रे., वाराणसी कार्यालय में उपस्थित हो कर आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य नही है। अब दिव्यांग लाभार्थी ऑन लाइन के माध्यम से अपने दिव्यांगजन रेल रियायत कार्ड हेतु वेबसाइट https://divyangjanid. indianrail.gov.in पर आवेदन कर सकते है तथा अपने आवेदन की स्थिति को ऑन लाइन देख भी सकते है एवं दिव्यांगजन कार्ड को डाउनलोड कर अपना रेल किराया रियायत कार्ड प्राप्त कर सकते है।

# बोरुंदा में निःशुल्क नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर 4 को

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** बोरुंदा में आनंद हॉस्पिटल सेवा समिति मेड़ता के सौजन्य से स्मृति शेष देवीलाल टाक / स्व. रामलाल टाक की स्मृति में छोटिया देवी, चंद्रप्रकाश, राजेंद्र कुमार, मुकेश, विपिन टाक की प्रेरणा से आंखों का निःशुल्क जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर दिनांक 4 जनवरी 2025 शनिवार समय प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पैराडाइज पब्लिक सी .से. स्कूल बोरुंदा पुलिस थाने के सामने आयोजित होगा जिसमें डॉ. विक्रम सिंह जादोन (एम एस विशिष्ट नेत्र चिकित्सक) आपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण आनंद हॉस्पिटल मेड़ता सिटी में निःशुल्क किया जाएगा। ऑपरेशन के लिए मेड़ता सिटी आने जाने की सुविधा बस द्वारा निःशुल्क की गई है। ऑपरेशन वाले व्यक्ति अपना परिचय पत्र अथवा आधार कार्ड की कॉपी साथ लेकर आएं। ऑपरेशन के लिए संपर्क राजेंद्र कुमार टाक बोरुंदा, रामेश्वरलाल टाक, विकास टाक व अयुब कुरैशी से कर सकते है।

# दुर्गा मंदिर मार्ग पर मोटरसाइकिल में आमने सामने टक्कर में एक की युवक की हुई मौत दो साथी घायल

♦भारत टाइम्स♦



**रामनगर।** स्थानीय थाना अंतर्गत पांचवटी- दुर्गा मंदिर मार्ग पर सगरा पोखरा के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल और टेम्पो के बीच हुई टक्कर में चंदौली जनपद के कटेसर निवासी दीपक पुत्र गिरजा प्रसाद उम्र 22 वर्ष की मौत हो गई। जब की उसके अन्य साथी सावन पुत्र अजय उम्र 23 वर्ष,प्रदीप पुत्र पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एल बी एस अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बी एच यू ट्रामा सेन्टर भेजा गया। सभी चंदौली जनपद के कटेसर के रहने वाले हैं। बताते हैं कि कटेसर के तीनों युवक नववर्ष मनाने एक ही मोटरसाइकिल से कहीं घूमने निकले थे।अपराह्न करीब चार बजे सभी वापस लौट रहे थे। दुर्गा मंदिर मार्ग पर सगरा पोखरा के समीप पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रही टेम्पो से उनकी मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे सभी छिटकर सड़क पर गिर पड़े। दीपक के सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई थी।दुर्घटना के बाद चालक टेम्पो लेकर भागने लगा जिसे लोगों ने पीछा करके थोड़ी दूर जाने के बाद पकड़ लिया। सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज गौरव सिंह मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया जहां दीपक पुत्र गिरजा प्रसाद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।अन्य घायलों की भी गम्भीर हालत को देखते हुए दोनों युवकों को ट्रामा सेन्टर भेजा गया है।

# गरियाबंद के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦



**गरियाबंद/नागेश्वर मोरे।** गरियाबंद छत्तीसगढ़ शासन की स्कूली बच्चों के लिए महत्वपूर्ण योजना न्योता भोजन (तिथि भोजन) जिसके अंतर्गत समाजसेवी, जनप्रतिनिधि अथवा जन सामान्य के द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन कराया जाता है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 01.01.2025 दिन बुधवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में मिडिल ल्ट नरगिस कुरैशी के द्वारा अपनी बेटी आयशा कुरैशी के जन्मदिवस पर स्कूली बच्चों के लिए न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। व्यंजन में पुलाव , खीर, पूड़ी ,टमाटर चटनी, पापड़ आदि शामिल थे। जिसे खाकर स्कूली बच्चे बहुत तृप्त हुए तथा बहुत आनंदित हुए इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध प्राचार्य ने एवम पूरे शाला परिवार मोहम्मद इस्माइल कुरैशी, नरगिस कुरैशी अकरम कुरैशी,एवं उनके सुपुत्री कुमारी आयशा कुरैशी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिवारजनों को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर शाला विकास समिति एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केसर कुमार निर्मलकर उपस्थित रहे। मिडिल HM नरगिस कुरैशी, प्राइमरी HM अर्चना पचबिए, डॉ राकेश साहू, भेलेश्वरी कोमर्रा ,कमलेश असरानी कोमल शर्मा,डागेश्वरी साहू , सुनीता परमार, सुजाता राणा, कैलाश कोसरे, वागेश्वरी कुंजाम, देवमाया पाल,धर्मेंद्र कुमार, रोशनी साहू, दुर्गेश नंदिनी,अंजनी सोम, पुष्पा साहू,त्रिलोचना साहू, माधवी , योगेश्वरी रात्रे, हेमंत,लोकेश,योगिता सेन, केवरा ध्रुव एवम संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहें।

## नव वर्ष के पहले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग भूतेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया



♦भारत टाइम्स♦

**नागेश्वर मोरे /गरियाबंद।** पूरे देश में नव वर्ष की धूम है साल 2025 की शुरूआत आज 1 जनवरी से हो चुकी है. साल के पहले दिन लोग मंदिरो में भगवान के दर्शन कर पहले दिन की शुरूआत करते हैं. भक्तों की चाहत होती है कि भगवान उनकी सभी मनोकामना पूरी करें. यही सोचकर महिला पुरुष बच्चे सभी मंदिर में भगवान के सामने माथा टेककर अपनी मन्नत और मनोकामना पूर्ति के लिए मंदिर पहुंचते है तो वही एक तरफ गरियाबंद जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी में स्थित विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग भूतेश्वर नाथ मंदिर में सुबह से हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली भक्त गरियाबंद जिले से ही नहीं बल्कि दूसरे जिले से भी भक्त मंदिर पहुंचे और नए वर्ष 2025 के पहले दिन भूतेश्वर नाथ के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर नव वर्ष के पहले दिन की शुरूआत किए इस साल नववर्ष में बाबा भूतेश्वर नाथ में बहुत भीड़ दिख देखने को मिली।

# छत्तीसगढ़ की जनता से किए वादे को पूरी निष्ठा से पूरा किया, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए रखी आधारशिला : उप-मुख्यमंत्री अरुण साव

## छत्तीसगढ़ की सुव्यवस्थित आर्थिक नीति की केंद्र सरकार ने की तारीफ, प्रोत्साहन स्वरूप 250 करोड़ रुपए दिए : डिप्टी सीएम अरुण साव

♦भारत टाइम्स♦

**रायपुर/छत्तीसगढ़/परस साहू।** उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज छत्तीसगढ़ वासियों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने रायपुर निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा किया है। इस भरोसे के बल पर वादों को पूरी निष्ठा और संकल्प शक्ति के साथ हमारी सरकार पूरा करने में लगी है। श्री साव ने कहा कि, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ को संवारने, और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए हमारी सरकार हर क्षेत्र पर योजना बनाकर कार्य कर रही है। उप-मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, सरकार



की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। सरकार के कामों को पारदर्शी,जवाबदेही बनाने ऑनलाइन काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि, नई औद्योगिक नीति के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ाने की नीति बनाई है। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। श्री साव ने कहा कि, माताओं-बहनों का सशक्तिकरण करके उनकी क्षमताओं का उपयोग प्रदेश के विकास में कर रहे हैं।

साथ ही नौजवानों की प्रतिभा और भविष्य को संवारने का काम कर रहे हैं। हमारे किसान खुशहाल और समृद्ध बने, इसके लिए सरकार ने कई कार्य किए हैं। राज्य में अधोसंरचना का विकास हो, इसके लिए लगातार काम हो रहा है। राज्य की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था सदृढ़ हो, इस दिशा में लगातार काम हो रहा है। जिन संकल्पों और वादों को लेकर जनता के बीच गए थे। उनको पूरा करने की दिशा में हमारी सरकार 2024 में आधार रखी है। श्री साव ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बदहाल किया था। हमारी सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने लगातार राज्य की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ किया है। वहीं इसकी सराहना केंद्र सरकार ने भी की है, और केंद्र सरकार ने प्रोत्साहन स्वरूप 250 करोड़ रुपए दिया है। ये छत्तीसगढ़ सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही का पुरस्कार है।

# नए साल की खुशी के लिए कानपुर के रेस्टोरेंट में लड़कियों के साथ छेड़खानी ,मारपीट , रिपोर्ट दर्ज

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** यहां नए साल की खुशियां मनाने के लिए लड़कियों के साथ छेड़खानी और मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला कोहना थानाक्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट का है ,जहां नए साल की शुरूआत हाई वोल्टेज ड्रामा के साथ हुई। आरोप है कि यहां कम्पनी बाग चौराहा के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में नए साल की खुशी के चक्कर में लड़कियों के साथ न केवल छेड़खानी की गई बल्कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट भी दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

**घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार-** कम्पनी बाग चौराहा के पास एक हाईप्रोफाइल रेस्टोरेंट में 31 दिसम्बर की रात लगभग डेढ़ बजे माहौल गर्मा गया। यहां पर किदवई नगर निवासी एक कारोबारी अपनी पत्नी व मित्रों के साथ रेस्टोरेंट गये थे। उनका आरोप है कि पार्टी के दौरान उनकी पत्नी बाथरूम गई थी। वहीं पर रेस्टोरेंट संचालक और उसके साथियों ने पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार किया। उसके साथ छेड़खानी की। जब कारोबारी ने इसका विरोध किया तो होटल संचालक ने खुद व अपने कर्मियों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। रेस्टोरेंट में झगड़ा होने के साथ अफरा तफरी का माहौल बन गया। डॉयल 112 में सूचना देने के बाद कोहना थाना से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि घटना में आरोपी बताए गए लोगों की तलाश की जा रही है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। नए साल की खुशी मनाने के दौरान कुछ और थाना क्षेत्र में भी लड़कियों के साथ छेड़खानी की घटना होने की दावा सूत्रों ने किया है।

# गन्ना किसानों को अब परिवहन हेतु ट्रेक्टर ट्राली और गन्ना खेत की तैयारी हेतु कृषि यंत्रों की मिलेगी सुविधा



♦भारत टाइम्स♦

**बालोद/परस साहू।** बालोद जिले में नववर्ष के अवसर पर गन्ना किसानों के लिए विशेष पहल करते हुए उन्हें गन्ना परिवहन हेतु ट्रैक्टर ट्रॉली और गन्ना खेत की तैयारी हेतु कृषि यंत्रों की सुविधा प्रदान की जा रही है। दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक ने बताया कि जिला खनिज न्यास बालोद मद से दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट को ट्रेक्टर, ट्राली, शुगर केन लोडर, फ्रंट लोडर प्राप्त हुआ है। जिसमें विशेषकर लघु सीमांत कृषकों को गन्ना परिवहन हेतु एवं गन्ना खेत की तैयारी हेतु उन्हें निर्धारित दर पर प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेक्टर ट्राली परिवहन एवं कृषि यंत्रो के माध्यम से खेत की तैयारी किए जाने हेतु गन्ना उत्पादक कृषकों के लिए कुछ शर्तें भी बनाए गए है। जिसके अनुसार लघु एवं सीमांत कृषकों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

जिन कृषकों के पास ट्रेक्टर ट्राली एवं कृषि यंत्र नहीं है उन्हीं कृषकों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी। ट्रेक्टर ट्राली एवं कृषि यंत्रों का उपयोग क्रमवार तरीके से गन्ना विभाग में बनाई गई सूची अनुसार ही होगा। ट्रेक्टर ट्राली एवं कृषि यंत्रों के संचालन में सभी कृषकगण सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि गन्ना परिवहन कार्य में दर का भी निर्धारण किया गया है। जिसके अनुसार 17 रुपए प्रति किलोमीटर गन्ना परिवहन किया जाएगा। ट्रेक्टर मेंटनेंस प्रति दिन औसत 250 रुपए, ड्राईवर मजदूरी प्रति दिन 600 रुपए, ट्राली मेंटनेंस प्रतिदिन 100 रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि खेत तैयारी कार्य हेतु 06 लीटर डीजल के मान से प्रति घंटा 600 रुपए, मेंटनेंस हेतु प्रतिदिन औसत 250 रुपए, ड्राईवर मजदूरी प्रति दिन 600 रुपए, कारखाना से खेत और खेत से कारखाना रास्ता में डीजल खर्च प्रति किलोमीटर 17 रुपए निर्धारित की गई है।

# सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों का उपचार, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने संभाला मोर्चा

## सीएम योगी के निर्देश पर मरीजों को मिलने लगीं अत्याधुनिक सुविधाएं, रोज 800 से 900 मरीजों का हो रहा इलाज

♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भनगर।** नया साल शुरू होते ही महाकुम्भ के महाआयोजन को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। योगी सरकार की चाक चौबंद व्यवस्था का परिणाम ये है कि अभी से देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का महाकुम्भनगर में आगमन रफ्तार पकड़ने लगा है। साल के पहले दिन महाकुम्भ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में भी 900 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। देश के किसी भी बड़े हॉस्पिटल की तर्ज पर हाईटेक टेक्नोलॉजी का यहां लोगों की देखभाल में इस्तेमाल किया जा रहा है। साल के पहले दिन से ही ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो गई है।

### मिल रहीं अत्याधुनिक सुविधाएं




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि महाकुम्भ का आयोजन ऐसा हो, जो पहले के किसी भी कुम्भ से ज्यादा दिव्य और भव्य हो। दुनिया में यूपी की बेहतरीन छवि बने, इसके लिए मुख्यमंत्री ने चुन चुनकर अफसरों की यहां तैनाती की है। महाकुम्भ में पहुंचकर विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालु स्वास्थ्य लाभ लेने भी लगे हैं। आस्था के इस महाकुम्भ में चिकित्सकों का भी उत्साह देखते बन रहा है। कई बार डॉक्टरों को खुद आगे बढ़कर मरीजों का सहयोग करते देखा जा सकता है। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भनगर में यहां सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों की ओपीडी हुई। यहां देश के विभिन्न राज्यों से पहुंच रहे 800 से 900 लोग प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ लेने आ रहे हैं।

इनकी देखभाल के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने व्यवस्था संभाल ली है। सीएम योगी के निर्देश पर यहां मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने लगी हैं। ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो चुकी है। साथ ही केंद्रीय पैथोलॉजी में 100 से ज्यादा लोगों का प्रतिदिन टेस्ट शुरू हो गया है। यहां मेले में श्रद्धालुओं को 50 से अधिक तरह का फ्री टेस्ट कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### एआई का हो रहा उपयोग

*इस बार महाकुम्भ में अति आधुनिक टेक्नोलॉजी का पूरी सजगता के साथ इस्तेमाल किया जा रहा है। मरीजों और डॉक्टरों के बीच भाषा की बाध्यता को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से दूर कर दिया गया है। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु किसी भी भाषा में बोलें, एआई टेक्नोलॉजी की मदद से महाकुम्भ के डॉक्टर उनकी बात समझकर उनका इलाज करने में पूरी तरह सक्षम हैं। देश में पहली बार महाकुम्भनगर में हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम बनाया गया है। योगी सरकार की यह नई पहल मरीजों की इंटेंसिव केयर में भी मददगार साबित होने जा रही है। 22 रीजनल और 19 इंटरनेशनल लैंग्वेज को समझकर डॉक्टर्स को मरीज के मन की बात एआई बड़ी आसानी से समझा सकेगा।*

# 75 वर्षीय महिला की सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर मौत, अज्ञात वाहन ठोकर मार कर फरार, महिला शोक कार्यक्रम में जा रही थी

♦भारत टाइम्स♦

**गुण्डरदेही/परस साहू।** अपने नाती और बहु के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रही 75 वर्षीय महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वही दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना करीब 12 बजे गुंडरदेही कचांदूर नाला के पास हुई था। घटना इतना भयानक था कि महिला का सिर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। गुण्डरदेही पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रिसाली भिलाई निवासी महिला खोरबाहरीन यादव 75 वर्ष, धनदेवी यादव पति खोमू यादव 42 वर्ष और बाइक चालक पेमेंद्र यादव पिता खोमू यादव 20 वर्ष एवं एक छोटी बच्ची एक मोटर साइकिल एच एफ डीलक्स सीजी 07 सीसी 4009 में सवार होकर ब्लॉक मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चिचलगोंदी में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस बीच कचांदूर नाला के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकल अनियंत्रित हो गया। पेमेंद्र यादव और उसकी माता धनदेवी काफी सदमे में है। पुलिस की पूछताछ के बावजूद वो बता नहीं पा रहे है कि घटना कैसे और कौन सी वाहन में हुई।



घटना की सूचना मिलते ही गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुण्डरदेही लाया गया। एवं पी एम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल गुण्डरदेही पुलिस जांच में जुटी हुई है अक्सर देखा जाता है कि लोग जल्दबाजी के चक्कर में एक मोटरसाइकिल में तीन से चार लोग सवार होकर सफर तय करते हैं। साथ ही हेलमेट नहीं पहनते व ट्रैफिक नियमों का पालन भी नहीं करते। जो बड़ी दुर्घटना का कारण बन रहा है। बीते एक माह से क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। ऐसे में जरूरी है कि यातायात नियमों का पालन करें।

# मंदसौर पुलिस ने नया वर्ष नई पहल के साथ गरीबों में मनाया

♦भारत टाइम्स♦

**मंदसौर/ पिपलिया मंडी/जगदीशपरमार।** TI. विक्रम सिंह इवने ने अनौखे तरीके से मनाया नया साल, अनाथों के चेहरे खिले,मंदसौर जिले के पिपलियामंडी थाने में गरीबों के बीच हुई पुलिस की नए साल की शुरूआत पिपिलियामंडी। दुनिया भर में 2025 नए साल को लोग अलग-अलग तरीकों से मना रहे हैं, पर मंदसौर जिले के पिपलियामंडी थाना प्रभारी श्री विक्रम सिंह इवने और उनकी पुलिस टीम ने नए साल को एक अलग ही अनोखे तरीके से मनाया और लोगों के बीच पुलिस मित्र का एक अच्छा संदेश भी दिया। खास तरीके से मनाया नया साल– दुनिया भर में नए साल की खुशी में लोग कहीं बाहर घूमने जाते हैं तो कहीं लोग मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, जाकर के नया साल मनाते है लेकिन पिपलियामंडी थाना प्रभारी ने अनाथ आश्रम में जाकर के नया साल मना के जनता के बीच एक अच्छा संदेश भी दिया है। भावनात्मक पल दिखे– ळक विक्रम सिंह इवने अपनी पुलिस टीम के साथ बुधवार दोपहर निराश्रित विक्षिप्त केंद्र एवम वृद्ध आश्रम पहुंचे, यहाँ उन्होंने बुजुर्गों, विक्षिप्त महिला



बुजुर्गों, नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ कुछ खास पल बिताए और उनको मिठाई, ज्यूस, गजक, गर्म कपड़े, जूते, चप्पल, नास्ता, कोल्ड ड्रिंक भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सभी के चेहरो पर अलग ही खुशी देखने को मिली, इस खास पल में श्री इवने और उनके स्टाप को भावुक ही कर दिया था। ये रहे थे मौजूद– इस दौरान मंदसौर एडिशनल एसपी गौतम सौलंकी, सब इंस्पेक्टर सतेंद्र सैनी, आरक्षक शैलेंद्र सिंह राठौड़ आरक्षक शांतिलाल गुर्जर, आरक्षक अमृतराम अहिरवार, महिला आरक्षक संध्या बैरागी, आरक्षक दिनेश पाटीदार , संचालिका अनामिका जैन, रीना कुमावत, निर्मला, शगुन परमार, एडवोकेट भावना कुमावत, सुहासिनी, मौजूद रहे!

# कुथरेल में युवा मंडल द्वारा आयोजित भव्य डी.,जे डांस प्रतियोगिता

♦भारत टाइम्स♦

**कुथरेल/छत्तीसगढ़।** क्षेत्र के अनगिनत,ऐसे युवा जो अपनी प्रतिभा और कल से अभिभूत है जिनको अपनी हुनर दिखाने के लिए मंच की आवश्यकता पड़ती है यही मंच जिसके द्वारा डांस के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे अनेक कलाकारो को मंच देने एवं सजाने का काम कुथरेल युवा मंडल ग्राम कुथरेल के द्वारा नव वर्ष के आगमन पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न पुरस्कारों से विजय प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया डीजे डांस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए आयोजन समिति की ओर से विधायक जी का




भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर के साथ किया गया, विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अंग्रेजी कैलेंडर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा यह प्रतियोगिता हमारे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं।

डांस एक ऐसी कला है, जो हमें अपने भावनाओं को व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम प्रदान करती है। यह हमें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है।आगे कहा कि डांस प्रस्तुति करने के लिए विभिन्न विधाओं के माध्यम के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र के डांस कलाकार इनाम आपने नाम करते हैं ऐसे हुनरमंद कलाकार हमारे क्षेत्र में विद्यमान हैं छत्तीसगढ़ गीत रीमिक्स सॉन्ग हिन्दी, गीत जैसे अनेक विधाओं में अपने कला को दिखाकर नाम रोशन कर रहे हैं इस दौरान सरपंच श्रीमती राजश्री चन्द्राकर, उपसरपंच लोमश चन्द्राकर, पूर्व जनपद सदस्य प्रदीप चन्द्राकर, समाजसेवी जितेंद्र साहू,अजय शर्मा, कुंदन चन्द्राकर सूबेदार अंडा थाना तुलसी राम साहू,महेंद्र चन्द्राकर,अध्यक्ष समीर साहू,उपाध्यक्ष उमेश साहू,दुर्गेश साहू,सचिव युवराज देशमुख, सहसचिव दिलीप साहू,कोषाध्यक्ष दुष्यंत देशमुख, मेघनाथ साहू ,राजू चन्द्राकर, बबलू मानिकपुरी,भरत यादव व समस्त ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दिव्यांग ,करंट और बिस्तर, लोगों को झकझोर कर देगी ये दर्द भरी दास्तां

♦भारत टाइम्स♦

**देवभोग/नागेश्वर मोरे।** देवभोग के घुमरगुडा. में एक दिव्यांग हालातों से जंग लड़ते-लड़ते आज उस दहलीज पर खड़ा है जांहा का रास्ता ना तो अंदर की ओर जाता है और ना ही बहार . वो अपनी जीवन संगिनी के साथ हर उस मुश्किल दौर से लड़ा जब अक्सर लोग लड़ना ही छोड़ देते हैं. लेकिन कुदरत का किस्सा अजीब है. किसी की झोली में बेशुमार खुशियां हैं तो कोई एक अदद सुकून को भी तरसता है. ऐसा ही कुछ देवभोग ब्लाक के घुमरगुडा. पंचायत के दिव्यांग ओमप्रकाश के साथ बीत रहा है।यूं तो मुश्किलों का दौर उसके लिए कभी कम न था. वो खुद छोटा मोटा काम कर परिवार का पेट पालता था। तो वहीं हमेशा दिलो-दिमाग में दो बच्चो की चिंता लिए घूमता. उसकी दो बच्चे वैष्णवी (10)गोलू(6)



फिलहाल काभी छोटे हैं . प्रशासनिक दरियादिली और लोगों की मदद करने की खबरें सामने आती रही पर अब दिव्यांग दर्द,बेबसी और अकेलेपन के प्रकाश हीन अंधकार के चादर मे बिछी बिस्तर पर लेट चूका है।जन्मजात दिव्यांग ओमप्रकाश प्रधान को 7 माह पहले समाज कल्याण विभाग से मिले मोटराइज ट्राय सायकल को चार्ज कर रहा था,चार्जिंग बॉक्स को उठाते ही जोरदार करंट लगा, करंट के झटके ने जमीन पर ऐसा पटका की दिव्यांग के बांये जांघ की हड्डी क्रेक हो गई अब तो कमर भी उठना बंद हो चुका है।दो मासूम बच्चों के साथ पत्नी और मां रहते है परिवार गरीब है,मिले इंदिरा आवास में एक साथ रहते हैं।महिला सदस्य की मजदूरी ही इनके आय का स्त्रोत है।पीड़िता की पत्नी मिथुला ने कहा की मैं अकेली महिला उठा नही सकती,लाने ले जाने के लिए कोई मदद भी नहीं मिलाता।इलाज में खर्च के लिए फूटी कौड़ी नही है,ना ही जरूरी दस्तावेज है, ऐसे में रात दिन दर्द से कराह रहे पति को घरेलू उपचार के जरिए ही राहत देने की कोशिश हो रही है।दिव्यांग का कहना है प्रसाशन से उचित सहयोग व ईलाज मिले ताकि पुनः जीवन सामान्य हो सके।

5 जनवरी तक सभी जनपदों में संपन्न कर ली जाए जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकः मुख्यमंत्री...

# छह से 10 जनवरी तक स्कूलों-कॉलेजों में चलाएं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमः मुख्यमंत्री

- सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23-25 हजार मौतें, सड़क दुर्घटना में मृत्यु राष्ट्रीय क्षतिः मुख्यमंत्री
- सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बढ़ानी होगी जागरूकताः मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री का निर्देश, बार-बार चालान होने पर निरस्त किया जाए लाइसेंस, सड़कों पर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं साइनेज

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की ली बैठक, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए दिए आवश्यक निर्देश**



♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी तक हर हाल में बैठक संपन्न कर लें। छह से 10 जनवरी तक सभी स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि महाकुम्भ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पीआरडी व होमगार्डों की संख्या बढ़ाई जाए।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23-25 हजार मौतें देश व राज्य की क्षति है। यह दुर्घटनाएं जागरूकता के अभाव में होती हैं। सड़क सुरक्षा माह सिर्फ लखनऊ तक सीमित न रहे, बल्कि इसे प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भी हर माह जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक हो, जिसमें पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहें। जनपद स्तर पर हुए कार्यों की प्रोग्रेस को लेकर हर तीसरे महीने शासन स्तर पर मूल्यांकन किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन जनपदों व स्थलों को चिह्नित करें, जहां अधिक दुर्घटनाएं संभावित हैं। इसके लिए कारणों का पता करते हुए इसके समाधान की कार्ययोजना बनाई जाए। नाबालिग ई-रिक्शा व अन्य वाहनों का संचालन न कर पाएं, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई सुचारू रूप से की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़कों पर अनिवार्य रूप से साइनेज लगाए जाएं, जिससे लोगों को आवागमन में भी सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं है। इसे स्टॉर्टिंग पॉइंट पर ही रोका जाए। एक्सप्रेस व हाइवे पर लोडेड वाहन भी खड़े रहते हैं, जो दुर्घटना का कारण बनते हैं। इन वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट तथा सड़क सुरक्षा के अन्य मानकों को अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर प्रेरित किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसी वाहन का बार-बार चालान होने पर लाइसेंस/परमिट निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई की जानी चाहिए। इस कार्रवाई को अनिवार्य रूप से फॉस्टैग से जोड़ा जाए। सूचना, परिवहन व सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों की तरफ से अपील करने वाली होर्डिंग लगाई जाए। इसे सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 1500 थानों व सभी नगर निकायों के बाहर भी लगाया जाए। राहगीरों/आमजन को जागरूक किया जाए कि दुर्घटना को देखकर भागें नहीं, बल्कि घायलों को गोल्डेन ऑवर के अंदर समीप के हॉस्पिटल या ट्रॉमा सेंटर में पहुंचाएं। एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्कूलों-कॉलेजों में रोड सेफ्टी क्लब की तर्ज पर प्रत्येक जनपद में रोड सेफ्टी पार्क बनाए जाएं। रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रमों से स्कूली बच्चों को जोड़ते हुए यातायात नियम से जुड़े विषयों पर नाटक, संगीत, कविता, निबंध, संगोष्ठी, भाषण, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं कराई जाएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवहन निगम के बसों के ड्राइवरों की नियमित स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। बसों की फिटनेस का भी ध्यान रखा जाए। हर निकायों में वेंडिंग जोन बनाकर रेहड़ी-पटरी वालों को स्थापित किया जाए। सड़कों पर कहीं भी अवैध स्टैंड न लगे, उनके लिए स्पेस बनाया जाए। ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए बाइकों में से मोडिफाई साइलेंसर व हॉर्न को प्रतिबंधित किया जाए। अवैध रूप से बसों का संचालन दुर्घटना का कारण बनता है। गैर अनुबंधित बसों का पंजीकरण कर उन्हें निर्धारित रूट प्रदान किया जाए। इससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी, साथ ही आमजन को भी सुविधा मिलेगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह समेत विभिन्न विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## काशी खण्डोक्त कृतिवाशेश्वर महादेव मन्दिर मे हनुमान चालीसा पाठ करने से प्रसासन ने रोका,पढ़ी जाती है, नमाज – कृष्णा नन्द पाण्डेय

♦भारत टाइम्स♦

वाराणसी। धरोहर संरक्षण सेवा संगठन एवम्-व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता व मार्कण्डेय तिवारी के नेतृत्व पौराणिक काशी खण्ड मे उल्लेखित कृतिवाशेश्वर महादेव मन्दिर,विशेश्वरगंज ,मे संकल्पित 1008 बार श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया था, लेकिन प्रसासन ने विवाद व सुरक्षा का कारण बताते हुए हनुमान चालीसा पाठ करने से मना कर दिया , काफी जद्दोजहद के बाद संगठन के लोग जब नहीं माने तो पुलिस व संगठन मे पाँच पाँच लोगो को महादेव जी के दर्शन व चालीसा पाठ करने पर सहमति बनी, और प्रशासन के निगरानी मे बारी बारी से पाँच पाँच लोगो के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया गया ।यह मन्दिर दक्षिण भारतीय सनातनियो का प्रमुख मन्दिर हुआ करता था मन्दिर को खण्डित करकें मुगल आक्रांताओं ने मन्दिर मे ही नमाज स्थल बना दिया, उल्लेखनीय है कि मंदिर के बरामदे में ही नमाज पढ़ने की प्रक्रिया जोर-शोर से अपनाई जा रही है, साथ ही मंदिर में स्थित कृतिवाशेश्वर महादेव के परिसर को विखंडित करके सनातनी भक्तों द्वारा पूजित शिवलिंग को खुले में छोड़ दिया गया है जिस कारण धरोहर संरक्षण सेवा संगठन के लोगों द्वारा चलाए जा रहे संस्कृति संवाद यात्रा के अंतर्गत आज 1 जनवरी 2025 को 1008 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया जाना था परंतु प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में जाने से रोके जाने पर सभी सनातनियों ने भारी आक्रोश है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सर्वश्री विंध्यवासिनी पाण्डेय,डा.चन्द्रदेव पटेल , दिनेश प्रजापति, अजय सेठ, गौरव मिश्र,शुभम्-पाण्डेय अलख निरंजन गोस्वामी जी, आलोक सेठ, गणेश सेठ, सुरेंद्र गुप्ता मुनमुन, पीयूष पांडे, निहाल तिवारी, विनोद केसरी, अभिषेक गुप्ता, आशीष चौरसिया, राजेंद्र अग्रवाल, रामकुमार जौहरी, बनवारी लाल शर्मा इत्यादि लोग मौजूद थे।



## मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को मिला जीवनदान, बोले – योगी के यूपी जैसा कोई नहीं

- कार्डियक अरेस्ट के बाद सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने अथक प्रयासों से बचाई जान
- अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आईसीयू में मिला इलाज, दोनों मरीज खतरे से बाहर

♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भनगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधाओं वाला आईसीयू मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। साल के पहले दिन यहां पर सीने में तेज दर्द से परेशान मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को लाया गया, जिन्हें डॉक्टरों ने अथक प्रयास करके बचा लिया। उन्होंने जीवन बचाने वाले चिकित्सकों का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर प्रशंसा की। बोले योगी के यूपी जैसा कोई नहीं।

**जान बचने पर जताया आभार-** दोनों श्रद्धालुओं को सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद इमरजेंसी में परेड स्थित सेंट्रल अस्पताल लाया गया था। आईसीयू के डायरेक्टर डॉक्टर एसके पाण्डे के नेतृत्व में दोनों श्रद्धालुओं की ईसीजी की गई। कार्डियक अरेस्ट के दोनों पेशेंट का सभी जरूरी उपचार किया गया। जिसके बाद से दोनों श्रद्धालु पूरी तरह से स्वस्थ हैं।



## सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा विशेष अभियान

♦भारत टाइम्स♦

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती निदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा उत्तर प्रदेश के तरफ से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से दिनांक 1.1.2025 से चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.01.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद श्रावस्ती श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम एवं यातायात की टीम द्वारा शीत ऋतु के दौरान घने कोहरे की दृष्टिगत होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न चौराहा तिराहाओं पर ट्रैक्टर ट्रालियों पर निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई तथा इट भट्ठा संचालकों को ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्ट टेप लगाने के महत्व के बारे में जागरुक करते हुए ट्रालियों पर निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई।

इसके साथ-साथ प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न चौराहा तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि शीत ऋतु के दौरान ट्रैक्टर ट्रालियों पर निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने की कार्रवाई निरंतर की जाएगी।



## ट्रेफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित, अहमदाबाद-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस रेलसेवा रीशडयूल रहेगी

**अजमेर।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद-सहारनपुर रेलखंड के मध्य ब्रिज सं. 1258 पर तकनीकी कार्य के कारण ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 19031, अहमदाबाद - योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 03.01.25, 05.01.25, 07.01.25, 10.01.25, 12.01.25 14.01.25, 17.01.25 एवं 19.01.25 को अहमदाबाद से अपने निर्धारित समय से 01 घंटा देरी से प्रस्थान करेगी।

## भोपाल क्राइम ब्रांच ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया:1.20 लाख रुपए कीमत का मादक पदार्थ जब्त

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 किलो से अधिक गांजा अलग-अलग पैकेट में बंधा मिला है। दोनों युवक कार से गांजा खपाने का काम करते थे। उनकी कार को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। जब्त माल की कीमत 1.20 लाख रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई को मुखबिर की सूचना पर अंजाम दिया गया है। दोनों आरोपी बाय रोड ओडिशा से गांजा लाकर भोपाल में खपाने का काम करते थे।

एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार की रात मुखबिर से सूचना मिली कि अग्रवाल होटल के पास टीआरपी गोविंदपुरा में कार क्रमांक CG04PN0205 खड़ी है। जिसमें सवार दो युवक गांजा तस्कर हैं और ग्राहक को डिलीवरी देने के इंतजार में खड़े हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार की तलाशी ली। पिछली और अगली सीट के नीचे 9 पैकेट मिले। सभी में गांजा रखा था। गांजे का कुल वजन करीब 11 किलो था। पूछताछ में आरोपियों ने बाय रोड ओडिशा से गांजा लाकर भोपाल में फुटकर में खपाने की बात स्वीकार की है।



## मोदी सरकार की सौगात से लाभान्वित होंगे लाखों अन्नदाता किसानः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर 3,500 प्रति मीट्रिक टन की एकमुश्त विशेष पैकेज सब्सिडी को 01/01/2025 से आगे बढ़ाने की स्वीकृति सराहनीय है। इस निर्णय से किसान बंधुअं को सस्ते और उचित मूल्य पर ऊअढ उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाखों अन्नदाता किसानों को लाभान्वित करती इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार भी जताया।

## महंगे वाहनों को किराये में लेकर दूसरे को बेचकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी जगमोहन सिंह मशराम गिरफ्तार

♦भारत टाइम्स♦

**रायपुर/छत्तीसगढ़।** त्रिलोक साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह ट्रांसपोटिंग का काम करता है इसके नाम से वाहन क्र. सीजी 04 पी.ए. 4525 स्वीप्ट डिजायर है, जिसे किराये मे चलाता है। दो माह पूर्व अपने वाहन को जगमोहन सिंह मशराम को 25000 रुपए प्रतिमाह किराये पर विश्वास कर दिया था, जो करीबन डेढ महीने बाद 15,000 रुपए किराया दिया था। उसके बाद से अब तक कोई किराया नही दिया है, किराया मांगने पर आज कल मे देता हूं कह कर टाल मटोल कर रहा है। कुछ दिनो बाद इसे पता चला कि जगमोहन सिंह मशराम इसके कार को किसी दूसरे को बेच या गिरवी रख दिया है, कार को दिखाने बोलने पर टाल मटोल कर रहा है। इसी प्रकार दोस्त तेज प्रकाश देवांगन से भी स्वीप्ट डिजायर वाहन क्र. सीजी 04 एनव्ही 4761 को 25,000 रुपए मासिक किराये में लेकर तथा छत्रपाल साहू से मई 2024 मे उसके अर्टिका क्र. सीजी 22 आर 6316 को 35,000 रुपए मासिक किराया पर लेकर उन लोगो को भी कोई किराया नही दिया है। साथ ही जगमोहन सिंह मशराम द्वारा जयसिंग, राकेश नायक, दुर्गा प्रसाद, राकेश साहू, देवेन्द्र कुमार वर्मा, अक्षय नोनिया, रघुवीर साहू व अन्य लोगो से भी वाहन किराये मे लेकर, किराया ना देकर किसी अन्य को बेचकर हम सबके साथ धोखाधडी किया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 637/2024 धारा 318(4), 316 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर रायपुर श्री लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार (भा.पु.से.) के द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी सिविल लाईन को आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी के संबंध में लगातार सूचना एवं जानकारी एकत्र कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी तारतम्य में आरोपी जगमोहन सिंह मशराम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी जगमोहन सिंह मशराम को पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी जगमोहन सिंह मशराम के कब्जे से 05 नग चारपहिया वाहन तथा उसके निशानदेही पर अन्य लोगो को बेचे एवं गिरवी रखे 18 नग वाहन कुल 23 नग चारपहिया वाहन कीमती करीबन 2,02,00,000/- रुपए जप्त कर अग्रिम कार्यवाही किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-** जगमोहन सिंह मशराम पिता नारायण सिंह मशराम उम्र 38 साल स्थायी पता संत रविदास वार्ड, किसान राईस मिल के पास, भाटापारा, जिला बलौदाबाजार। वर्तमान पता म.नं. 52, ब्लाक नंबर 04, बोरियाखुर्द, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, थाना मुजगहन रायपुर।



## नव वर्ष में गायत्री महिला मंडल के द्वारा सामूहिक हवन पूजन का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**गया।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री महिला मंडल अतरी के द्वारा सामूहिक हवन पूजन का आयोजन किया गया जिसमें काफी सारे लोग सम्मिलित हुए। इस मौके पर गायत्री महिला मंडल अतरी की संचालिका रेनू बरनवाल ने बताया की एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ के माध्यम से शामिल हुए सभी लोगों ने अपनी एक एक बुराई छोड़ी एवं एक एक अच्छाई का अपने जीवन मे समावेश करने का संकल्प लिए।

साथ ही 6 से 9 मार्च 2025 को होने वाले 108 कुण्डीय विशाल गायत्री यज्ञ जो कि गांधी मैदान गया में होने वाला है उसके लिए अभी से ज्ञान घट रूपी थैला के माध्यम से सभी लोगों से एक एक मुठी अन्न प्रतिदिन अंशदान के रूप में निकालने हेतू कहा गया जिससे यज्ञ में सभी लोगो का योगदान हो सके। आज के यज्ञ के माध्यम से विश्व में शांति के लिए एवं घर परिवार में एक सौहार्द वातावरण बनाने हेतु विशेष आहुति डाली गई। इस मौके पर अवधेश कुमार(लल्लू जी) निरूपा कुमारी, अरण्या बरनवाल, कृशु आनंद, स्वीटी, स्मिता, माधुरी देवी,रिचा, पूजा आदि उपस्थित थे।

